संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 05 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं का अभिवादन स्वीकार करती हुई राष्ट्रपति।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 305 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# झामुमो से संकट में झारखंड का अस्तित्व: मोदी

● जेएमएम, कांग्रेस-आरजेडी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कोल्हान ने कसी कमर : मोदी



**चुनावी शंखनाद**

**ये माटी उस आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है, जिसने भारत की आजादी, संस्कृति और विरासत की रक्षा की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा चुनावों का शंखनाद करते हुए कहा कि कोल्हान ने जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि कोल्हान इस बार नया इतिहास रचने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने झारखंड के चाईबासा में भाजपा की दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की ये भूमि, जनजातीय गौरव, जनजातीय मान-मयार्दा की साक्षी रही है। ये माटी उस आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है, जिसने भारत की आजादी, भारत की संस्कृति और विरासत की रक्षा की है। इस धरा ने भगवान बिरसा मुंडा, चांद भैरव, तिलका मांझी, नीलाम्बर-पीताम्बर, सिदो-कान्हू जैसे अनगिनत वीरों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा, इतिहास गवाह है कि कैसे कोल्हान ने अत्याचारी अंग्रेजी सेना को टक्कर दी थी, आज फिर कोल्हान ने जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। जो सालों साल नहीं हुआ, वो इस साल होने जा रहा है। इस चाईबासा की विशाल रैली का संदेश भी यही है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड के कोल्हान की 14 सीटों पर औसतन 20 से 25 प्रतिशत आदिवासी मतदाता हैं।

## भाजपा ने देश को दी पहली महिला राष्ट्रपति: मोदी

**मोदी** ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों का सम्मान किया है। इन्हें कई अहम जिम्मेदारी दी गयी है। एक तरफ जहां राज्य की बागडोर उन्हें सौंपी गयी है, वहीं कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। बीजेपी ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति दी है।

मोदी ने झामुमो, राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो झारखंड के विरोधी थे, आज उनकी गोद में झामुमो बैठ चुका है। कांग्रेस आदिवासी विरोधी रही है।



इसी कांग्रेस के सहारे झामुमो सरकार चला रहा है। सत्ता के लिए उसने इनसे गले मिला गया। मोदी ने कहा कि हो भाषा को उचित सम्मान मिलेगा।

## आदिवासी समाज को और बनाया जाएगा मजबूत: पीएम मोदी



**प्रधानमंत्री** ने कहा कि धान का एमएसपी 3100 रुपये होगा। किसानों को ये जानकारी दे दीजिए। पंचायतों को और सशक्त किया जाएगा। आदिवासी समाज को और मजबूत बनाया जाएगा। भाजपा ने इसके लिए अलग मंत्रालय बनाया है। कांग्रेस ने तो इसकी जरूरत भी नहीं समझी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा।

युवाओं को नौकरी नहीं दी, पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया

मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं को वर्तमान सरकार ने नौकरी तो नहीं दी लेकिन पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया। पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। तीन लाख निष्पक्ष भर्ती करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है। दीदी गोगो योजना की घर-घर चर्चा है। हर माता-बहन ने इसे गले लगाया है। इसने नयी ऊर्जा भर दी है। हर महीने 2100 रुपये आएंगे और 500 रुपये में गैस सिलेंडर के साथ साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की है।

झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया अपमानित मोदी ने कहा कि झामुमो ने चंपाई सोरेन को अपमानित किया। उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। ये आदिवासी का अपमान नहीं है। झामुमो और कांग्रेस को महिला राष्ट्रपति बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। सीता सोरेन के साथ इन्होंने क्या किया है। आपको अच्छे से मालूम है।

# अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी, 36 यात्रियों की मौत

## नदी में बिखरीं लाशें ही लाशें, अल्मोड़ा में दिल दहला देने वाला हादसा



**टीम एक्शन इंडिया**
**अल्मोड़ा: उत्तराखंड** के अल्मोड़ा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। माचुर्ला के पास एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। घटनास्थल पर चीख पुकार मची है।

जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के माचुर्ला इलाके के पास सोमवार को यात्रियों से भरी बस नदी में गिर गई। बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची हैं। घटनास्थल पर बचाव अभियान चल रहा है। हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बस नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी। जैसे ही बस माचुर्ला के पास पहुंची तो सारड बैंड के पास नदी में गिर गई। बस के नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग बस से छिटककर नीचे गिर गए।

### सीएम धामी ने दिए राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश

**सीएम** पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में बस हादसे पर सचिव आपदा प्रबंधन, आयुक्त कुमाऊं मंडल और डीएम अल्मोड़ा से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और बचाव और राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए। डीएम देहरादून को भी रेस्क्यू ऑपरेशन की देखरेख के लिए विशेष रूप से वहां भेजा जा रहा है। एसडीआरएफ के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई हैं। रेस्क्यू और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

## झारखंड-महाराष्ट्र में जीत का भरोसा: जयराम रमेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में जीत को लेकर आश्वस्त है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को भाजपा और स्थानीय प्रशासन की ओर से हरियाणा में अंतिम समय में चली गई चालों से सावधान रहना होगा। रमेश ने कहा, 'महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री का चेहरा 23 नवंबर को चुनाव के नतीजों के बाद तय किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस का झारखंड और महाराष्ट्र मजबूत गठबंधन है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि वे अच्छे नतीजे लेकर आएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा आगे कहा, 'यह हकीकत है कि जहां तक कांग्रेस का सवाल है...हरियाणा में नतीजे अप्रत्याशित थे। लेकिन हम महाराष्ट्र में (जीत को लेकर) आश्वस्त हैं, जहां हमारे पास बहुत मजबूत गठबंधन है। हम झारखंड में भी जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हैं, वहां भी हम गठबंधन में लड़ रहे हैं।'

## दिल्ली में पटाखे क्यों चले: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अखबारों की खबरों को देखकर लगता है कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है कि पटाखों को प्रतिबंधित क्यों नहीं किया गया? सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा में पराली जलने पर भी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अखबार में प्रकाशित सुप्रीम कोर्ट के पटाखे पर प्रतिबंध लगाने के आदेश लागू न करने पर सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पटाखों पर प्रतिबंध क्यों लागू नहीं किया गया? प्रतिबंध था तो पटाखे कैसे चलाए गए? पीठ ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश रिकॉर्ड पर रखे जाएं और पटाखे फोड़ने वालों पर क्या कार्रवाई की गई, इसकी जानकारी भी दी जाए। दिल्ली सरकार और पुलिस कमिश्नर यह भी बताएंगे कि वे ऐसे क्या कदम उठाएंगे, ताकि अगले साल ऐसा न हो।



**जवाब तलब**

**सरकार-पुलिस एक हफ्ते में बताए- बैन क्यों नहीं रहा, अगली दिवाली के लिए क्या प्लान**

## केरल, पंजाब और उप्र में उपचुनाव की तारीख बदली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने तीन राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से जुड़ी मतदान तारीखों में बदलाव किया है। अब इन सीटों पर 13 नवंबर की बजाय 20 नवंबर को मतदान होगा। जिन सीटों पर उपचुनाव की तारीख बदली गई हैं, वे इस प्रकार हैं झ केरल की पलक्कड़। पंजाब की डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला। उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, शीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां।


उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में आज भस्मारती के दौरान बाबा महाकाल का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन मांगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये नियुक्ति मौजूदा डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के स्थान पर होगी, जिनका विस्तारित कार्यकाल 14 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का ये पद अर्थशास्त्रियों के लिए है। वित?त मंत्रालय के मुताबिक चयनित उम्मीदवार मौद्रिक नीति विभाग की देख-रेख करेगा और दर निर्धारण समिति ह्यमौद्रिक नीति समितिह्न का सदस्य भी होगा। उम्मीदवारों की आयु 15 जनवरी, 2025 को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए है तथा व्यक्ति पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा। इस पद के लिए मासिक वेतन 2.25 लाख रुपये (स्तर-17) होगा।

## भारत औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है, हम अब पूर्व में प्रचलित औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय लोक प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए, जो स्वतंत्रता के बाद की हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हों।



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कि हम अब पहले के देवता माने जाने वाले औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। किंग्स वे अब कर्तव्य पथ बन गया है और रेसकोर्स रोड लोक कल्याण मार्ग बन गया है।

नेताजी अब उस छतरी के नीचे खड़े हैं, जहां कभी किंग जॉर्ज की मूर्ति हुआ करती थी। भारतीय नौसेना के ध्वज को बदलकर हमारा तिरंगा शामिल कर दिया गया। औपनिवेशिक काल की 1500 प्रतिमाएं अब कानून की किताब में नहीं हैं।

**चुनौती**

**हम अब पहले के देवता माने जाने वाले औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं**

## उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला: राष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थीं। यह बैठक द प्रेसिडेंट विद द पीपल पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं।

**हमला** एक गैर-लाभकारी संगठन ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया

## मंदिर हमले के बाद कनाडा हिंदू समूह करेंगे विरोध-प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**ओटेवा: उत्तरी** अमेरिका के हिंदुओं का गठबंधन (सीओएचएनए) कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर खालिस्तानी तत्वों के हमले के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेगा। जानकारी के मुताबिक, यह विरोध प्रदर्शन मंदिर और सरे के लक्ष्मी नारायण मंदिर में खालिस्तानी धमकी और हिंदू विरोधी धारणा के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए किया जाएगा। इसे लेकर संगठन ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 4 नवंबर को शाम 6 बजे हिंदू सभा मंदिर, ब्रैम्पटन और लक्ष्मी नारायण मंदिर, सरे में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के लिए हमसे जुड़ें। कनाडा में हिंदू मंदिरों के खिलाफ हिंसा के एक दिन बाद, आइए खालिस्तानी धमकी और हिंदू विरोधी धारणा के खिलाफ एकजुट हों।



**सीओएचएनए ने खालिस्तानी आतंकवादियों पर लगाया आरोप**
इससे पहले, संगठन ने हमले का एक वीडियो साझा किया। हिंदू कैनेडियन फाउंडेशन, एक गैर-लाभकारी संगठन ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया। वहीं कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इस हमले को 'भारत विरोधी' तत्वों की तरफ से हिंसक व्यवधान बताया और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए चिंता व्यक्त की। भारतीय दूतावास के बयान में कहा गया, स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से हमारे वाणिज्य दूतावास की ओर से आयोजित किए जा रहे नियमित परामर्श कार्य के लिए इस तरह के व्यवधानों को अनुमति देना बेहद निराशाजनक है। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं, जिनकी मांग पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**कार्रवाई की मांग**

**हिंसा के एक दिन बाद, आइए खालिस्तानी धमकी और हिंदू विरोधी धारणा के खिलाफ एकजुट हों**

**विदेश मंत्रालय ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की**
विदेश मंत्रालय ने सोमवार को ब्रैम्पटन में "हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा" की निंदा की।

## वायनाड त्रासदी पर केंद्र ने राजनीति की: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**वायनाड: कां**ग्रेस नेता और वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए यूडीएफ उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर हमला बोला। वायनाड में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि जुलाई में वायनाड में आई भूस्खलन आपदा का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को आवश्यक धन वितरित करने में 'विफल' रहने का भी आरोप लगाया। वायनाड त्रासदी में सैंकड़ों लोग मारे गए थे और कई लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।

प्रियंका गांधी ने अपने प्रचार के दूसरे दिन सुल्तान बाथरी विधानसभा क्षेत्र के केनिचिरा में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।



**'भाजपा की राजनीति विभाजनकारी'**
कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, 'यहां तक कि लोगों को बहुत दर्द देने वाली आपदा का भी भाजपा ने राजनीतिकरण किया। हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां आपको अपने देश, अपनी जरूरतों और अपने देश में आप किस तरह की राजनीति चाहते हैं, इसके बारे में सोचना चाहिए।' भगवा पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि 'भाजपा की राजनीति की विशेषता नफरत, गुस्सा, विभाजन और विनाश है। उन्होंने कहा कि लोगों के असल मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। बेरोजगारी अब तक के उच्चतम स्तर पर है और कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिसके रुकने का कोई संकेत नहीं है।' प्रियंका ने कहा, 'राजनीति लोगों की समस्याओं को हल करने पर केंद्रित नहीं है।

# दिल्ली के फेमस ब्रिज पर फिर मंडराया खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली में मंगी ब्रिज के फिर से क्षतिग्रस्त हो जाने का खतरा बढ़ गया है। लालकिला के पीछे रिंग रोड पर स्थित कुछ समय पहले मरम्मत की गई इस ब्रिज की दाहिनी आर्च से फिर से ऊंचे वाहन गुजर रहे हैं। ऊंचे वाहन आर्च से टकरा रहे हैं। वहीं, इस फेमस ब्रिज के क्षतिग्रस्त हो जाने का खतरा बढ़ने से लोगों की जान को भी खतरा बढ़ गया है। अब लोग इसके नीचे से निकलने से भी डर रहे हैं।

**लोक निर्माण विभाग से मांगी है मदद**
बताया गया कि ब्रिज की इस आर्च को वाहनों से टकराने से बचाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सभी प्रयास फेल हो गए हैं। क्योंकि ऊंचे वाहनों को इस आर्च से गुजरने से रोकने के लिए ब्रिज के पास लगाया गया हाइट बैरियर एक माह में दो बार टूट चुका है।

**क्षतिग्रस्त**
**कुछ समय पहले मरम्मत की गई इस ब्रिज की दाहिनी आर्च से फिर से ऊंचे वाहन गुजर रहे**

अब इस ब्रिज के नीचे और आसपास सड़क का तल कम से कम चार फीट नीचे किए जाने के लिए एएसआई ने लोक निर्माण विभाग से मदद मांगी है, इसे लेकर एएसआई ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है।

**जर्जर हालत में पहुंच चुके मंगी ब्रिज को बचाने की कोशिश**
जर्जर हालत में पहुंच चुके मंगी ब्रिज को बचाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने एक साल काम शुरू किया था। जिसके तहत ब्रिज के नीचे के भाग में मजबूती दी गई थी। इसके लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया है। ब्रिज के नीचे की तरफ क्षतिग्रस्त भाग को तैयार करने में स्टील के अर्ध चंद्राकार गार्डर डाले गए हैं। इसी तकनीक पर 2010 में इसी ब्रिज की बाईं आर्च को बचाया गया था।

**यह बैरियर दो बार टूट चुका**
एएसआई ने योजना के तहत ब्रिज के इस लेन से ऊंचे वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगाने के लिए ब्रिज से कुछ दूरी पर पहले ऊंचे हाइट बैरियर लगा दिया था। मगर ट्रकों द्वारा टक्कर मार दिए जाने से पिछले एक माह में यह बैरियर दो बार टूट चुका है। इस समय भी यह टूटा पड़ा है।

150 वर्ष पूर्व किया गया था इस ब्रिज का निर्माण
लालकिला के पीछे स्थित इस ब्रिज का निर्माण 150 वर्ष पूर्व किया गया था।

इसका प्रयोग लालकिला से सलीमगढ़ किले में जाने के लिए किया जाता था। वर्तमान में इस ऐतिहासिक ब्रिज के नीचे से रिंग रोड गुजरता है।

# अवैध संबंधों में बिहार के युवक की गाजियाबाद में चाकू से हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद**। दिल्ली से सटे इंदिरापुरम क्षेत्र में रविवार की रात में एक युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में उसके दोस्त को हिरासत में लिया है । प्राथमिक जांच पड़ताल में हत्या का कारण अवैध संबंध लग रहा है। पुलिस मामले की गहराई से जांच पड़ताल कर रही है । सहायक पुलिस आयुक्त स्वतन्त्र कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस को डायल 112 के माध्यम से एक सूचना मिली कि एक व्यक्ति को चाकू मार कर घायल कर दिया गया है। जिसके बाद इंदिरापुरम पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले गयी। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर उपस्थित चश्मदीद गवाहों के आधार पर इंदिरापुरम पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# लाठीचार्ज का अवध बार ने किया पुरजोर विरोध




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज और मुकदमा लिखे जाने से नाराज अवध बार एसोसिएशन ने सोमवार को न्यायिक कार्य बंद कराया। बार के अध्यक्ष आरडी शाही और महामंत्री मनोज कुमार द्विवेदी ने हड़ताल करते हुए गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए अत्याचार के विरुद्ध आरोपित जज एवं पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। अवध बार एसोसिएशन के सदस्य देवी प्रसाद सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं ने सदैव न्याय की लड़ाई लड़ी है। ऐसे में गाजियाबाद की घटना को बार के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित समस्त सदस्यों ने गलत ठहराया है। हाईकोर्ट लखनऊ बेंच में अवध बार एसोसिएशन के आह्वाहन पर पूरी तरह से न्यायिक कार्य बंद है। अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए बार के सदस्य पूर्णरुप से सजग है। गाजियाबाद की घटना से क्षुब्ध हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने भी सोमवार को सुबह से ही न्यायिक कार्य को पूरी तरह से ठप्प कर दिया। अधिवक्ताओं ने अपने चैम्बरों से बाहर निकल कर नारेबाजी की। हाईकोर्ट के बाहर पार्किंग स्टैण्ड से मुख्य गेट तक अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के अलावा कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ सहित तमाम जिलों में न्यायालय से जुड़े कार्यो को अधिवक्ताओं ने रोकते हुए विरोध दर्ज कराया। न्यायिक कार्य को रोकने से मुकदमों की पैरवी के लिए आये लोगों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद पुलिस के विरोध में नारे भी लगाये।

# बार काउंसिल की कमेटी पहुंची गाजियाबाद




**गाजियाबाद** । गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज और मुकदमा लिखे जाने से नाराज गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने सोमवार को न्यायिक कार्य बंद कराया। साथ ही जिला न्यायालय गेट पर धरना दिया। बार के अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में हड़ताल करते हुए अधिवक्ताओं पर हुए अत्याचार के विरुद्ध आरोपित जज एवं पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। उधर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की पांच सदस्यों कमेटी गाजियाबाद पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रही रही है। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं ने सदैव न्याय की लड़ाई लड़ी है। ऐसे में गाजियाबाद की घटना को बार के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित समस्त सदस्यों ने गलत ठहराया है।

# गाजियाबाद पत्रकार एसोसिएशन ने उत्पीड़न को लेकर डीएम को

**गाजियाबाद**। पत्रकार एसोसिएशन गाजियाबाद ने सोमवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को पत्रकारों पर किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। पत्रकारों का आरोप है कि गाजियाबाद पुलिस द्वारा पत्रकारों को कभी दबाब तो कभी षड़यंत्र के तहत प्रताड़ित किया जा रहा है। रविवार को एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक इमरान खान को पुलिस द्वारा एक राजनेता के दबाव में षड़यंत्र के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से पत्रकारों में काफी रोष व्याप्त है। पत्रकार एसोसिएशन गाजियाबाद तथा जनपद के समस्त पत्रकारों ने इसका पुरजोर विरोध किया है। एक के बाद एक घटनाएं पत्रकारों के साथ घटित हो रही हैं। क्या अब पत्रकार की कलम


## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 — नई दिल्ली, दिनांक : 04.11.2024

**शुद्धिपत्र -XII**

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 20.12.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 06.11.2024 को स्थगित कर 20.12.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

3408/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

त्यौहारों पर रेलयात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट की ओर) से प्रवेश करते समय कृपया निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:–

1. फुट ओवर ब्रिज से प्लेटफार्म नंबर 16 का प्रवेश बंद है
2. प्लेटफार्म 16 के लिए आरक्षित यात्री, कृपया केवल अजमेरी गेट साइड सर्कुलेटिंग एरिया से गेट नंबर 7 और 10 से प्रवेश करें
3. जनरल टिकट वाले अनारक्षित यात्रीगण केवल अजमेरी गेट की ओर से हरे पथ (Green Path) गेट नंबर 12 से ही प्रवेश करें
4. प्लेटफॉर्म 15–1 के लिए कृपया गेट नंबर 8, 9 और 11 का उपयोग करें
5. डीएमआरसी मेट्रो स्काईवॉक से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज 2 तक सीधा प्रवेश अस्थायी रूप से बंद है

यात्रीगण कृपया सुनिश्चित करें कि ट्रेन प्रस्थान समय से कम से कम एक घंटा पहले स्टेशन पर अवश्य पहुंचे ताकि भागदौड़ की स्थिति न बनें

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई निविदा सूचना**

उप०मु०सं० एवं दू०अभि०नि० / सी०डब्लू०, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फार्म एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिब्लिटी क्राइटेरिआ फुल फिल करते है, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | "एसएंडटी उत्तर रेलवे के मोरादाबाद मंडल के रोजा जंक्शन स्टेशन (एक केंद्र रिले रूम और 4 हट्स) पर स्वचालित अग्नि शमन प्रणाली के प्रावधान के लिए काम कर रहा है।" |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 06 महिना। (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथी से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु० 0.65 करोड़ (अनुमानित) |
| 4 | धरोहर राशि | रु० 1,29,100 / – (रूपए एक लाख उन्नतीश हजार एक सौ केवल) (केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | निविदा कर्ता केवल ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 02.12.2024 को 11.30 बजे तक IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर अपलोड करें। निविदा दिनांक 02.12.2024 को 11.30 बजे के बाद खोला जाएगा। |
| 6 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है। | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज–IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 07.11.2024 से 11.30 बजे दिनांक 02.12.2024 तक IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा, दिनांक 18.11.2024 से 02.12.2024 को 11.30 बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये निविदा डालने से पहले, निविदा कर्ता जो उपरोक्त वेब साइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी०सी०ए०III डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई– निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं । विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

संख्या 178–सिग / सी०डब्लू / 32 / 111–Pt–II दिनांक: 04.11.2024 — 3410/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी (1) रिहाना, पत्नी: वसीम शेख, (2) वसीम शेख, पुत्र: नूर शेख, पता: फ्लैट नंबर बी–1, यूजीएफ, बिल्डिंग नंबर डी–216/4, बल्ली अपार्टमेंट, कृष्णा पार्क, खानपुर, नई दिल्ली FIR No. 208/2024, Dt. 03.04.2024, U/s: 21/29 of The NDPS Act, 1985, पुलिस थाना अम्बेडकर नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त रिहाना और वसीम शेख, मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त रिहाना और वसीम शेख, फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त रिहाना और वसीम शेख, FIR No. 208/2024, Dt. 03.04.2024, U/s: 21/29 of The NDPS Act, 1985, पुलिस थाना अम्बेडकर नगर, नई दिल्ली से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 16.12.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
गौरव गुप्ता
एल.डी. एएसजे, विशेष न्यायाधीश,
एनडीपीएस अधिनियम, दक्षिण जिला,
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/14544/SD/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त अंकुर कुमार, पुत्र स्वर्गीय श्री लक्ष्मण दास गोयल निवासी मकान नं.98, पश्चिम विहार एक्सटेंशन, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 345/2022 भा.द.सं. की धारा 354D/506/509 के तहत, थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त अंकुर कुमार मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त अंकुर कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 345/2022 भा.द.सं. की धारा 354D/506/509 के तहत, थाना निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त अंकुर कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 04.12.2024 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा गौतम
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
दि.पु./14407/बाहरी जिला/2024 — कमरा नं. 252, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरें समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त शेख मोहम्मद नूर इस्लाम उर्फ अलाउद्दीन, पुत्र अब्दुल मलिक निवासी डी-210, जेजे कॉलोनी, द्वारका, सेक्टर-1, पालम गांव, दक्षिण पश्चिम दिल्ली वर्तमान पता: मकान नंबर 149, पोचनपुर फ्लैट्स, 20 पॉइंटस, सेक्टर-19बी, द्वारका, दिल्ली स्थाई निवास: गंगा गोरधी, पीओ बाजितपुर, थाना राजोर, तहसील और जिला मदारीपुर, ढाका, बांग्लादेश ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 293/22 दिनांक 20.12.2022 धारा 20/25/29 एनडीपीएस एक्ट, थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त शेख मोहम्मद नूर इस्लाम उर्फ अलाउद्दीन मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त शेख मोहम्मद नूर इस्लाम उर्फ अलाउद्दीन फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 293/22 दिनांक 20.12.2022 धारा 20/25/29 एनडीपीएस एक्ट, थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली के उक्त अभियुक्त शेख मोहम्मद नूर इस्लाम,उर्फ अलाउद्दीन से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.12.2024 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भावना कालिया
एलडी. स्पेशल न्यायाधीश (एनडीपीएस)-01, कोर्ट नं.610
दि.पु./12265/क्राइम/2024 — छठा तल, द्वारका कोर्ट्स (द.-प.), नई दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त मनोहर लाल उर्फ सोहन लाल, पुत्र: तलकी राम, पता: डी–1/14, गली नंबर 1, 20 फुटा रोड, प्रताप नगर, सबोली, दिल्ली, ने CT Case No. 42/2022, U/s: 151/135 IE Act, पुलिस थाना हर्ष विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त मनोहर लाल उर्फ सोहन लाल मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि मनोहर लाल उर्फ सोहन लाल फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि CT Case No. 42/2022, U/s: 151/135 IE Act, पुलिस थाना हर्ष विहार, दिल्ली के अभियुक्त मनोहर लाल उर्फ सोहन लाल से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 13.12.2024 या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री आशीष रस्तोगी,
एएसजे–05, कमरा नंबर 21
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14306/NE/2024

## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1. | कार्य का नामः सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/आनंद विहार के अनुभाग में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर त्वरित जल व्यवस्था स्थापित करना। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये): रु. 4,32,09,350.18/- (चार करोड़ बत्तीस लाख नौ हजार तीन सौ पचास और अठारह पैसे मात्र।) |
| 3. | बयाना राशि (रुपये): रु.3,66,100.00/- (तीन लाख छियासठ हजार एक सौ रुपये मात्र।) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये): रु. 0.00/- |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समयः 25.11.2024 को 15:00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7. | आवंटनः 20536203 |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/35/2024-25/W-3 दिनांक: 01.11.2024 — 3405/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# छठ पूजा को लेकर राजधानी में घमासान

## चिराग दिल्ली छावनी में तब्दील; सीएम आतिशी ने बीजेपी को पूर्वांचल विरोधी बताया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आईटीओ छठ घाट का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा, "छठ का पर्व पूर्वांचली भाई-बहनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है और हम पिछले 10 साल से इस पर्व को पूरी दिल्ली में धूमधाम से मनाते हैं। 10 साल पहले दिल्ली में सिर्फ 60 जगह पर सरकार द्वारा छठ पर्व मनाया जाता था लेकिन आज 1000 से ज्यादा शानदार छठ घाट दिल्ली सरकार ने तैयार किये हैं, जहां सभी लोग अच्छी तरह छठी मैया की पूजा कर पाएंगे।" उन्होंने कहा कि चिराग दिल्ली में बीजेपी की डीडीए द्वारा छठ पूजा को रोकना बीजेपी की

**दौरा**

**मुख्यमंत्री आतिशी ने आईटीओ छठ घाट का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया**

पूर्वांचल विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। वह नहीं चाहती कि दिल्ली में पूर्वांचल के लोग छठ पूजा करे।

**इस बार छठ पूजा 5-8 नवंबर को मनाया जाएगा**

छठ पूजा सूर्य को समर्पित एक त्योहार है जो कई भारतीय राज्यों और यहां तक कि देश के बाहर भी मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 5 से 8 नवंबर तक मनाया जाएगा। इस बीच, विधायक सौरभ भारद्वाज ने राजधानी में कुछ स्थानों पर लोगों को कथित तौर पर प्रार्थना करने से रोकने के लिए भाजपा पर अपना हमला जारी रखा।

**बीजेपी पर घटिया राजनीति करने का आरोप**

विधायक ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "चिराग दिल्ली छठ घाट छावनी बन गया है। पुलिस के बाद अब सीआरपीएफ बटालियन भी मौजूद है। अगर जनता बीजेपी के साथ है तो इतना डर क्यों है?" इससे पहले, दिल्ली की मुख्यमंत्री ने 'घटिया राजनीति' करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वार बंद रखकर पूर्वांचलियों को छठ पूजा मनाने से रोक रहा है।"

उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब से अरविंद केजरीवाल की सरकार बनी है, तब से दिल्ली में छठ महापर्व को जो सम्मान दिया गया है, वो पहले किसी सरकार ने नहीं दिया। 2014 तक पूरी दिल्ली में मात्र 60 जगहों पर दिल्ली सरकार द्वारा छठ घाटों का निर्माण होता था। अब अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली भर में 1000 से ज्यादा स्थानों पर दिल्ली सरकार द्वारा शानदार छठ घाट बनाये जाते हैं। जहां पूरा इंतजाम दिल्ली सरकार द्वारा देखा जाता है।

### सारे विधायक और मंत्री भी लगातार सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे: सीएम

सीएम ने कहा कि सारे विधायक और मंत्री भी लगातार सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। हम उम्मीद करते है कि छठी मइया का आशीर्वाद सभी दिल्ली वालों पर बना रहे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार द्वारा शहर भर में 1000 से ज्यादा घाट तैयार किए गए हैं ताकि दिल्ली में किसी भी व्यक्ति को छठ का त्योहार मनाने के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। इन घाटों पर तालाब बनाने से लेकर यहां टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई और सुरक्षा आदि आवश्यक इंतजाम दिल्ली सरकार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथिली-भोजपुरी



अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। ताकि श्रद्धालु खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सकें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि तेजी के साथ सभी छठ घाट तैयार किए जाएं ताकि आखिरी दिन के लिए कोई काम न बचे और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# हवा की कम गति के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा: गोपाल राय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को कहा कि हवा की कम गति के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। दिल्ली में सोमवार सुबह धुंध की मोटी परत छाई रही, जिससे हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी के उच्च स्तर पर बनी रही। गोपाल राय ने कहा, "मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान में गिरावट के साथ शहर में हवा का दबाव कम है, जिसके कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। सरकार इस पर सक्रिय रूप से काम कर रही है।" केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 9 बजे 373 रहा।

**39 निगरानी स्टेशनों में से 11 में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर'**



**धुंध की परत**

**तापमान में गिरावट के साथ शहर में हवा का दबाव कम है, जिसके कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है**

आंकड़ों से पता चला कि राष्ट्रीय राजधानी के 39 निगरानी स्टेशनों में से 11 में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' दर्ज किया गया, जिसमें वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर था। शून्य और 50 के बीच एक अदकको 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब', 401 और 450 के बीच 'गंभीर' और 450 से ऊपर 'गंभीर प्लस' माना जाता है।

**विभिन्न एजेंसियों के साथ की जाएगी समीक्षा**

गोपाल राय ने कहा कि केंद्र प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश के उपयोग के संबंध में एक बैठक बुलाएगा। गोपाल राय ने 23 अक्टूबर को इस मामले पर केंद्र को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा कि अगर बैठक नहीं बुलाई गई तो वह फिर से संपर्क करेंगे।

## राऊज एवेन्यू कोर्ट में नहीं हो सकी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी नीति के मनी लांड्रिंग मामले में सोमवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में वकीलों की हड़ताल की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। केजरीवाल, सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के. कविता को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल चुकी है।

# भाजपा ने किया सीएम आवास का घेराव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में बस मार्शलों और सिविल डिफेंस कर्मियों की बहाली की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। इस प्रदर्शन में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता और भाजपा के अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हम दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से एक सवाल पूछने आए हैं।

उपराज्यपाल ने बस मार्शलों और सिविल डिफेंस कर्मियों को एक नवंबर से नियुक्त करने का निर्देश दिया है लेकिन आज चार तारीख हो गई है और आआपा सरकार उनकी बहाली नहीं कर रही है। इसलिए हमें मुख्यमंत्री आवास पर आना पड़ा। सचदेवा ने कहा कि हमारे पास अरविंद केजरीवाल के जिस आदेश से बस मार्शलों को बर्खास्त किया गया, उसकी कॉपी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि केजरीवाल ने उन्हें क्यों हटाया?

**विरोध**

**उपराज्यपाल ने बस मार्शलों और सिविल डिफेंस कर्मियों को एक नवंबर से नियुक्त करने का निर्देश दिया है**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री आतिशी से हमारी केवल एक मांग है कि उपराज्यपाल के आदेश के बाद सभी मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स की बहाली का आदेश दिया जाए। सचदेवा ने कहा कि 10 हजार से ज्यादा बस मार्शल्स एवं सिविल डिफेंस कर्मियों के घरों में इस बार दिवाली नहीं मनाई गई जबकि आतिशी मार्लेना अपने आकाओं के साथ दिवाली मना रही थीं।

मैं आज उन्हें आईना दिखाने आया हूं। ये 10 हजार से ज्यादा बस मार्शल्स एवं सिविल डिफेंस कर्मी केवल एक संख्या नहीं हैं, यह पूरा परिवार है, जिन्हें अक्टूबर 2023 में एक हस्ताक्षर से निकाल दिया गया।

# स्वाति ने विधायक बाल्यान के बयान की आलोचना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली की सड़कों के निरीक्षण के बारे में आआपा नेता नरेश बाल्यान के बयानों की आलोचना की है। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान का कहना है, "सड़कें हेमा मालिनी के गालों जैसी बना देंगे।" इस महिला विरोधी बात की जितनी निंदा की जाए वो कम है। उन्होंने कहा कि ये व्यक्ति पूरे दस साल सोता रहा है, जिसके



चलते उत्तम नगर की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं ।

आज भी काम न कर के सिर्फ. अपनी खराब सोच का प्रदर्शन कर रहा है। महिलाओं को वस्तु समझने वाली ऐसी घटिया सोच की समाज में कोई जगह नहीं है।

# अदालतों में वकीलों ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गाजियाबाद** में वकीलों पर 29 अक्टूबर को हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में दिल्ली की निचली अदालतों के वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट में पूर्ववत की तरह कामकाज हुआ। दिल्ली की आज सभी अदालतों के बार एसोसिएशंस के संगठन कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली के आह्वान पर निचली अदालतों के वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। पटियाला हाउस कोर्ट में बार एसोसिएशन के नेता कोर्ट रूम के अलावा कोर्ट परिसर




में स्थित फोटो कॉपी, कोरियर, स्टेशनरी इत्यादि की दुकानों को बंद कराते नजर आए। ऐसा ही नजारा कड़कड़डूमा कोर्ट, तीस हजारी कोर्ट, रोहिणी कोर्ट, साकेत कोर्ट समेत सभी जिला अदालतों में देखने को मिला। बार एसोसिएशन के नेताओं ने न्यायिक अधिकारियों से भी किसी मामले में प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने की अपील की। इसका असर ये हुआ कि सभी मामलों में सुनवाई के दौरान केवल तारीख ही मिली।

कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली की 3 नवंबर को बैठक हुई थी, जिसमें गाजियाबाद की घटना के विरोध में 4 नवंबर को दिल्ली की सभी अदालतों में न्यायिक कार्य के बहिष्कार का फैसला लिया गया था। दिल्ली में वकीलों की हड़ताल आगे होगी कि नहीं अभी इस पर कोई फैसला नहीं किया गया है।

**नो वर्क**

**कोर्ट परिसर में स्थित फोटो कॉपी, कोरियर, स्टेशनरी इत्यादि की दुकानों को बंद कराते नजर आए**

# मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर लगाया छठ घाट बनाने से रोकने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में छठ पूजा पर हो रही राजनीति की आलोचना की। उन्होंने प्रेस वार्ता कर भाजपा पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली में लोगों को छठ घाट बनाने से रोक रही है । सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चिराग दिल्ली के सतपुला ग्राउंड में पूर्वांचली समुदाय पिछले आठ सालों से छठ पूजा मनाता आ रहा है और इस साल भी दिल्ली सरकार ने वहां



आयोजन की अनुमति दी थी। इसके बावजूद इस बार पूजा करने पर रोक लगाई जा रही है। लोगों का आरोप है कि भाजपा और दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा उन्हें रोका जा रहा है। इसके पीछे भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज का हाथ है। आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की जनता वोट नहीं दे रही है, इसलिए वह इस प्रकार की राजनीति कर रही है।

# प्रदूषण पर पर्यावरण मंत्री आज करेंगे समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रदूषण के खिलाफ मंगलवार को सभी संबंधित विभागों द्वारा किए गए कार्यों को लेकर दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक में विंटर एक्शन प्लान की घोषणा के बाद विभागों द्वारा अभी तक किये गए कार्यों की समीक्षा जायेगी।

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण से संबंधित ग्रीन दिल्ली ऐप पर मिली लगभग 88 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा कर चुकी है। ऐप के माध्यम से अभी तक 81,418 शिकायतें

**समीक्षा**

**बैठक में विंटर एक्शन प्लान की घोषणा के बाद विभागों द्वारा अभी तक किये गए कार्यों की समीक्षा की जायेगी**

आई, जिनमें से 71,558 से ज्यादा शिकायत दूर हुई हैं। ग्रीन दिल्ली ऐप के माध्यम से दिल्ली का कोई भी नागरिक प्रदूषण संबंधी शिकायत कर सकता है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाती है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि एंटी रोड डस्ट अभियान के सभी दर्ज आंकड़ों पर भी ग्रीन वॉर रूम की टीमें कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं, जिनके आधार पर सभी विभागों की तैनात टीमें उचित कदम उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन दिल्ली ऐप पर आई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए सभी सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गए है। दिल्ली के सभी निवासियों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा इस ऐप को डाउनलोड कर, वह दिल्ली के प्रदूषण को कम करने कि मुहिम में सरकार के साथ जुड़े और दिल्ली को एक स्वच्छ शहर बनाने में सरकार की सहायता करें।

## सेल ने एएससीआई के साथ शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: स्टील अथॉरिटी** ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सोमवार को शैक्षणिक सहयोग के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह और एएससीआई, हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक सेल और एएससीआई हैदराबाद के बीच नई दिल्ली स्थित कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता ज्ञापन सेल के नए पदोन्नत अधिकारियों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। मंत्रालय के कहा कि सेल और एएससीआई के बीच ये समझौता प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सेल की समग्र शिक्षण विकास (एलएंडडी) रणनीति का हिस्सा है।

**समझौता**

**नई दिल्ली स्थित कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं**

# बोनट पर लटके पुलिसकर्मियों को कार से घसीटने के आरोपित दो नाबालिग धरे गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** पुलिस ने बेरसराय मार्केट रोड के पास दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कार के बोनट पर लटकाकर घसीटने के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने कार के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना दो नवंबर को हुई थी। घटना के बाद से ही पुलिस को आरोपितों की तलाश थी। घायल एएसआई प्रमोद ने अपने बयान में कहा था कि 2 नवंबर को वह हेड कांस्टेबल शैलेश के साथ बेर सराय मार्केट रोड के पास ड्यूटी पर थे। शाम करीब 7.45 बजे एक कार रेड लाइट जंप करके उनकी



ओर आई। उन्होंने कार को रुकने का इशारा किया। जब ड्राइवर को कार से बाहर आने के लिए कहा गया तो उसने मौके से कार भगाने की कोशिश की और उन्हें कार पर करीब 20 मीटर तक घसीटता हुआ मौके से भाग गया। यह कार वसंत कुंज के जय भगवान के नाम पर रजिस्टर्ड है। दिल्ली पुलिस के अनुसार इस घटना को एक गंभीर अपराध के रूप में रखा गया है। जिसमें यातायात पुलिस ने चालक की लापरवाही के कारण उनकी जान लेने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार 2 नवंबर शाम के समय को साउथ दिल्ली के बेर सराय इलाके में हुई इस घटना का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कार सवार दो ट्रैफिक कर्मी को बोनट पर घसीटता हुआ 20 मीटर तक ले गया और दोनों ने काफी शोर मचाया था।

ट्रैफिक कर्मियों का बाद में संतुलन बिगड़ जाने से वो कार के नीचे गिर गए थे।

## जीव विज्ञान के दो सवालों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र में दो प्रश्न गलत होने का आरोप लगाते हुए दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो गई है, ऐसे में अब कोर्ट कैसे दखल दे सकता है। याचिकाकर्ता लड़की ने नीट परीक्षा में जीव विज्ञान के दो सवालों को लेकर याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जीव विज्ञान के दोनों प्रश्न गलत थे। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में एनसीईआरटी की दो पुस्तकें भी



दाखिल की थीं लेकिन कोर्ट ने कहा कि हम इस चरण में कैसे हस्तक्षेप कर सकते हैं। दाखिले हो चुके हैं। हम नवंबर में हैं। अब कुछ नहीं कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने इसी मामले को लेकर अगस्त महीने में दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

# पूर्वी दिल्ली के भाजपा नेता बीबी त्यागी आआपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली इलाके के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बीबी त्यागी आम आदमी पार्टी (आआपा) में शामिल हो गए। बीबी त्यागी दो बार भाजपा से पार्षद, स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष और नेता सदन रह चुके हैं। आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को बीबी त्यागी को आधिकारिक तौर पर पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने जॉइनिंग की तस्वीरें अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि बीबी त्यागी का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय पर उन्हें मीडिया के सामने पार्टी की



टोपी और पटका पहनाते हुए इसकी घोषणा की। मनीष सिसोदिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मैं बीबी त्यागी का आआपा परिवार और अरविंद केजरीवाल की टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में स्वागत करता हूं। मुझे बहुत खुशी है, क्योंकि मैं बीबी त्यागी के काम और उनकी राजनीति को बहुत लंबे समय से देख रहा हूं। वह जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। जब मैं खुद पत्रकार था तो इनके क्षेत्र में ही रहता था और देखता था कि वहां एक नेता के रूप में यह किस तरह काम करते थे। बीबी त्यागी जमीन से जुड़ी राजनीति का अच्छा अनुभव रखते है। उन्होंने एमएलए का चुनाव भी लड़ा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि पार्टी को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। इस दौरान बीबी त्यागी ने कहा कि मैं लंबे समय से भाजपा में काम कर रहा था लेकिन आम आदमी पार्टी लोगों के उत्थान के लिए जो काम कर रही थी और उन्हें सुविधाएं दे रही थी, उससे मैं बहुत प्रभावित था। आम नागरिकों को अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा चाहिए और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उनके लिए अच्छे स्कूल बनाए हैं। इसके अलावा भी आम आदमी पार्टी लोगों को फ्री बिजली, पानी, महिलाओं की फ्री बस यात्रा समेत अनेक सुविधाएं दे रही है। इसने मुझे प्रभावित किया। मुझे जनता के बीच जाकर उनकी सेवा करनी है और इसके लिए आम आदमी पार्टी से बेहतर कोई और पार्टी नहीं हो सकती। यह सब सोचते हुए मैंने सोचा कि अगर मैं कुछ लोगों का भी भला अच्छे से कर पाया तो मेरा आआपा में शामिल होना सफल हो जाएगा। यहां पहले से सब अच्छा काम कर रहे हैं और मुझे इसमें और इजाफा ही कराना है। इसलिए मैंने आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया है।

**आप के साथ**

**बीबी त्यागी ने 2015 में लक्ष्मी नगर विधानसभा से बीजेपी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव भी लड़ा था**

**भाजपा के दो बार के पार्षद, स्टैडिंग कमेटी के अध्यक्ष और नेता सदन रह चुके हैं बीबी त्यागी**

बीबी त्यागी लक्ष्मी नगर से दो बार भाजपा के पार्षद रह चुके हैं। वह दो साल एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। साथ ही वह दो बार नेता सदन भी रह चुके हैं।

बीबी त्यागी ने 2015 में लक्ष्मी नगर विधानसभा से बीजेपी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव भी लड़ा था। इस चुनाव में वह मात्र 5 हजार वोटों से आप उम्मीदवार नितिन त्यागी से हारे थे।

# सीएम ने पंचकूला पुस्तक मेले में कर्मयोगी कृष्ण का किया विमोचन

## इस पुस्तक के लेखक जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कृष्ण कुमार आर्य हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित तीसरे पुस्तक मेले के उद्घाटन के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित पुस्तक कर्मयोगी कृष्ण का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग हरियाणा में कार्यरत जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कृष्ण कुमार आर्य हैं। मुख्यमंत्री ने इस कार्य के लिए लेखक को बधाई और ऐसी कृति की रचना के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने मेले में सभी पुस्तक स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारी मार्गदर्शक होती हैं और अच्छी पुस्तकें तो हमारे जीवन की धारा को भी बदल देती हैं।



इसलिए सभी को पुस्तकों का स्वाध्याय नियमित तौर पर करना चाहिए। उनके साथ पुस्तक मेले के आयोजक एसईआईएए के चेयरमैन पीके दास, कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा सहित अनेक गण्यमान्य मौजद थे। लेखक कृष्ण कुमार आर्य ने पुस्तक के विषय में बताया कि इस पुस्तक में श्रीकृष्ण की पूरी जीवनी है। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि जीवन का आधार कर्म है और कर्म की सिद्धि केवल कर्तव्य पालन के मार्ग से होकर ही गुजरती है। कर्महीन और कर्तव्य विमुख व्यक्ति कभी धर्मात्मा नहीं हो सकता है। उनके इसी उपदेश को श्रीकृष्ण के जीवन पर

**कृति की रचना**

**पुस्तकें हमारी मार्गदर्शक होती हैं और अच्छी पुस्तकें तो हमारे जीवन की धारा को भी बदल देती हैं**

आधारित नव संकलित पुस्तक कर्मयोगी कृष्ण में सहेजा गया है। आर्य ने बताया कि पुस्तक में श्रीकृष्ण की जीवनशैली को प्रदर्शित करने के लिए विषयवस्तु को 244 पृष्ठों पर 11 अध्यायों में विभक्त किया गया है। इसमें लगभग 130 मंत्र, श्लोक एवं सूक्तियां तथा पुस्तक को समझने में सहायक आठ आलेख दिए हैं। पुस्तक का पहला अध्याय श्रीकृष्ण की वशांवली, दूसरे व तीसरे अध्याय में उनके बाल्यकाल की प्रमुख घटनाएं तथा अध्याय चार में गोपी प्रकरण व कंस वध का विवरण दिया है। पुस्तक के पांचवें अध्याय में श्रीकृष्ण द्वारा महर्षि सांदीपनी एवं अन्य ऋषि आश्रमों में ग्रहण की गई शिक्षाओं तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों का वर्णन किया गया है।

यह अध्याय अनेक दिव्य अस्त्र-शस्त्रों के ज्ञान तथा सुदर्शन चक्र, सौमधुक, मौनधुक, सौकिक यान एवं सोमतीति रेखा का अन्वेषण श्रीकृष्ण की महानता का परिचय देता हैं। छठे अध्याय में द्वारका की अवधारणा तथा श्रीकृष्ण की दिनचर्या को प्रदर्शित करने वाला सातवां अध्याय दैनंदिनी विमर्श दिया है।

# डोम समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री सैनी का किया अभिनंदन

**विकास पर बल**

**संत महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रचार प्रसार योजना के तहत डोम समाज का राज्य स्तरीय कार्यक्रम किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उनके निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए समस्त डोम समाज के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने डोम समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर खाना खाया और कुशलक्षेम जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार मजबूती के साथ प्रदेश के हर गरीब व्यक्ति और हर वर्ग के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही संत- महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रचार प्रसार योजना के तहत समस्त डोम समाज का एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इतना ही नहीं, समस्त डोम समाज प्रदेश में जहां कहीं भी कोई जगह निश्चित कर देगा, वहाँ समाज के लिए एक धर्मशाला का निर्माण करवाया जाएगा।

नायब सिंह सैनी ने जातिगत राजनीति करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें। विपक्षी पार्टियों ने गरीबों को केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने गलत प्रचार किया कि संविधान खतरे में है, जबकि खतरे में संविधान नहीं विपक्ष का वजूद था। विपक्ष को जातिगत राजनीति से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज 36 बिरादरी हमारे साथ है। हर वर्ग का भरोसा और विश्वास सरकार पर है। हमारी डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। नागरिकों के इसी सहयोग के साथ हमारा हरियाणा प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में अहम योगदान देगा।

# विवेक जोशी ने हरियाणा के मुख्य सचिव का पद भार संभाला



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्र से लौटे 1989 बैच के आई ए एस अधिकारी विवेक जोशी ने सोमवार को हरियाणा का मुख्य सचिव पद का भार संभाल लिया। जोशी के तीन दिन अवकाश पर रहने के चलते अनुराग रस्तोगी को मुख्य सचिव नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए थे। दिवाली के दिन शाम को जोशी की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए थे । विवेक जोशी के पदभार संभालने तक के लिए अनुराग रस्तोगी मुख्य सचिव नियुक्त किए गए थे। रस्तोगी की नियुक्ति के आदेश भी दीवाली के दिन ही जारी किए गए। रस्तोगी 1990 बैच के आई ए एस अधिकारी हैं। इसके साथ ही 1988 बैच के आई ए एस अफसर टीवीएसएन प्रसाद दिवाली के दिन (31 अक्टूबर) मुख्य सचिव के पद से रिटायर हुए। दिवाली की छुट्टी होने के चलते वह घर बैठे-बैठे ही रिटायर हो गए। उनके रिटायर होने के बाद विवेक जोशी को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया गया।जोशी को 26 अक्टूबर को केंद्र से अपने मूल कैडर हरियाणा वापस भेजा गया था। विवेक जोशी केंद्र में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव पद की जिम्मेदारी देख रहे थे। इससे पहले वह वित्त मंत्रालय में सचिव पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। हरियाणा सरकार के साथ काम कर चुके विवेक जोशी ने हरियाणा सरकार के साथ निगरानी और समन्वय के प्रमुख सचिव, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी के रूप में भी काम किया है।

**जिम्मेदारी**

**विवेक जोशी के पदभार संभालने तक के लिए अनुराग रस्तोगी मुख्य सचिव नियुक्त किए गए थे**

# प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं: राणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज प्रदेश में डीएपी खाद की उपलब्धता बारे अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि राज्य में डीएपी की कोई कमी नहीं है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को पर्याप्त डीएपी उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्ध है। श्री श्याम सिंह राणा ने बैठक के बाद बताया कि मंत्रालय से प्रदेश सरकार को जानकारी दी गई है कि जहां अक्टूबर 2023 के रबी सीजन में डीएपी की कुल खपत 1,19,470 मीट्रिक




टन थी, जबकि इस साल अक्टूबर 2024 में यह खपत 1,14,000 मीट्रिक टन दर्ज की गई है। वर्तमान में राज्य में 24,000 मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है और प्रतिदिन किसानों के लिए डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु रेक योजना तैयार की गई है। 2023 के रबी सीजन में नवंबर माह में डीएपी की खपत 72,697 मीट्रिक टन रही थी। राज्य सरकार के प्रयासों से इस बार केंद्र ने नवंबर के लिए 1,10,000 मीट्रिक टन डीएपी खाद का आवंटन किया है।

**आश्वासन**

**किसानों को घबराने की जरूरत नहीं, अधिकारियों को यूरिया खाद की उपलब्धता का जायजा लेने के आदेश**

इसके तहत नवंबर के पहले सप्ताह में 41,600 मीट्रिक टन, दूसरे सप्ताह में 40,000 मीट्रिक टन और तीसरे सप्ताह में 20,000 मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति रेक द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने मंत्री को जानकारी दी कि विभिन्न जिलों में डीएपी खाद की आपूर्ति के लिए रेक योजना बनाई गई है।

# एलपीजी सिलेंडर फटने से दो लड़कियों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** कैथल जिले के अंतर्गत आते गुहला चीका में सोमवार की सुबह एक घर में एलपीजी सिलेंडर फटने से दो लड़कियों की मौत हो गई जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य घायल हो गए। धमका इतना जबरदस्त था कि घर का ज्यादातर हिस्सा ढह गया और पड़ोस के कई घरों में दरारें आ गई। धमका होते ही लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस तथा फायर के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एफएसएल विशेषज्ञों के माध्यम से मामले की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी बलजीत सिंह ने बताया कि सुबह करीब चार बजे आसपास बड़ा धमाका हुआ, जिसमें उनके पास लगने वाले कई घरों की दीवारों में दरार आ गई तो वहीं कई घरों के शीशे भी टूट गए।

# ग्रामीण लोग भी पहुँच रहे समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रदेश में 22 अक्टूबर से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में लोगों की बढ़ी हुई उम्मीद आंकड़ों में भी दिखाई दे रही है। गत माह से अब तक हजारों की संख्या में लोग समाधान शिविरों में पहुँच चुके हैं। इसमें से 3458 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है। शेष लंबित समस्याओं का निदान संबंधित विभाग के अधिकारी तय समय सीमा में उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर 22 अक्टूबर से लगातार एक माह तक सभी जिलों में जनता की समस्याओं के निवारण के लिए यह समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार स्थानीय निकायों एवं ब्लॉक स्तर पर बीडीपीओ कार्यालयों में अधिकारी सुबह 9 से 11 बजे तक इन शिविरों में जन समस्याओं का गंभीरता से समाधान कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में हर दिन आने समस्याओं में से अधिकतर का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है। प्रदेश के 22 जिलों में सोमवार चार नवंबर तक 5430 लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर समाधान शिविर में पहुँचे। इनमें से 3458 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। लंबित रही समस्याओं के समाधान बारे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर शिकायतकताओं को अवगत करवाया जा रहा है और उनका भी शीघ्र समाधान किया जाएगा।

विदित हो कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत माह में अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए थे ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

# तकनीकी शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करे: महीपाल

**रोजगारपरक**

**हर स्तर की शिक्षा में राष्ट्रभाषा हिंदी को बढ़ावा देने की बात प्रधानमंत्री मोदी ने कही है : महीपाल ढांडा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के तकनीकी शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन सहित रोजगारपरक कोर्सों को बढ़ावा दिया जाए और इसके लिए उद्योगों के साथ तालमेल कर पास आउट होने वाले विद्यार्थियों की अधिक से अधिक प्लेसमेंट सुनिश्चित हो , इस पर हमें भविष्य में जोर देना होगा। शिक्षा मंत्री पंचकूला में तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दे रहे थे।

इस अवसर पर बैठक में शिक्षाविदों, परीक्षाओं, और उद्योग भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) और छात्र परिणामों में सुधार के लिए रणनीतियां बनाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि 21वीं सदी की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण सुविधाओं, मशीनरी और उपकरणों तथा कंप्यूटर प्रणाली अपग्रेड की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में तकनीकी शिक्षा के शैक्षणिक मानकों को ऊपर उठाने के लिए योग्य शिक्षकों की सेवाएं लेना अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर स्तर की शिक्षा में राष्ट्रभाषा हिंदी को बढ़ावा देने की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही है और इस पर हमें अमल करना होगा। हिंदी माध्यम के लिए गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम सामग्री विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। ढांडा ने इस संबंध में हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड को एक समिति गठित करने और समयबद्ध तरीके से इस पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूदा शैक्षणिक कार्यक्रमों की गहन समीक्षा का आह्वान किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे प्रासंगिक हैं या नहीं। उन्होंने आह्वान किया कि शिक्षक छात्रों को नौकरी के लायक बनाने की बजाय रोजगार सृजन के लिए तैयार करें।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने समय पर मान्यता और परीक्षाओं के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती बनाने में भागीदारी निभाती है। उद्योगों के साथ वर्तमान में चल रहे समझौते-ज्ञापन को धरातल पर लागू करने के अलावा भविष्य के संभावित समझौता-ज्ञापनों (एमओयू) के बारे में पता करने के भी निर्देश दिए।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने हरियाणा की तकनीकी संस्थानों में प्लेसमेंट की गुणवत्ता पर जोर दिया और कहा कि 18 वर्ष की आयु में नौकरियां प्रदान करने में विभाग की भूमिका की सराहनीय रही है।

# हरियाणा में डीएपी खाद की कृत्रिम कमी: अभय सिंह चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी किसान हितैषी होने का नाटक करती है लेकिन सच्चाई यह है कि बीजेपी हमेशा से किसान विरोधी रही है। बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि किसान को अपनी फसल एमएसपी से कम दाम में बेचनी पड़ रही है और खाद, बीज और दवाईयां ब्लैक में खरीदनी पड़ रही हैं। हरियाणा में रबी सीजन शुरू होते ही डीएपी उर्वरक की कृत्रिम कमी किसान को सताने के लिए जानबूझकर बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में रबी सीजन में लगभग 25 लाख हेक्टेयर भूमि पर गेहूं और 7 लाख



हेक्टेयर भूमि पर सरसों की खेती होती है जिसके लिए 2.5 लाख एम टी डीएपी खाद की जरूरत होती है जबकि 3 नवंबर तक मात्र 1.15 लाख एम टी डीएपी खाद वितरित हुआ है। बीजेपी किसानों को प्रताड़ित करने, उसे लाइन में खड़ा रखने, किसान अपने खेत में न जा सके और कैसे किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा सके उसके लिए हर संभव प्रयास करती है। सरकारी संरक्षण में लोग डीएपी का बैग ब्लैक में बेच रहे हैं और मुख्यमंत्री ब्यान दे रहे हैं कि डीएपी

**आरोप**

**सरकार का किसान विरोधी कदम और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा: अभय सिंह**

खाद की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है। आज हालत यह है कि खाद ब्लैक में खरीदना हो तो कोई कमी नहीं है लेकिन किसानों को मिल नहीं रहा। बीजेपी सरकार ने खाद के बैग का वजन भी कम कर दिया, कीमत भी बढ़ा दी और किल्लत भी कर दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के विरोध करने के बावजूद भी खाद डीलर डीएपी के साथ किसानों को नैनो यूरिया, बायो डीकंपोजर और बायो डीएपी जैसे बेकार खाद जबरदस्ती बेच रही है। बेहद अफसोस की बात है कि किसानों को थानों में लंबी लंबी लाइन में लगके खाद लेनी पड़ रही है। उपर से पुलिस की लाठियां खानी पड़ रही हैं। बीजेपी सरकार का पूरा ध्यान प्राइवेट कंपनियों को लाभ पहुंचाने और किसानों को बर्बाद करने पर है। सरकार द्वारा डीएपी खाद की जानबूझकर बनाई गई कृत्रिम कमी राष्ट्र और किसान विरोधी कदम है जिससे फसलों की पैदावार में कमी आएगी और देश की खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा साबित होगा।

# चुनाव में सरकार,सत्तारूढ़ दल के अवांछनीय दखल की जांच के लिए कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार,भाजपा और प्रत्याशी के अवांछनीय दखल का पता लगाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने आठ सदस्यों की कमेटी का गठन किया है।तीन नवंबर को गठित कमेटी को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है। कमेटी चुनाव के दौरान भाजपा सरकार,भाजपा और इसके प्रत्याशियों के चुनाव प्रक्रिया में अवांछनीय दखल का पता लगाएगी। हरियाणा कांग्रेस नेता हाल के विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों में सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा के अवांछनीय दखल को भी जिम्मेदार मान रहे है।हालांकि इससे पहले कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने दो सदस्यीय तथ्यान्वेषी कमेटी का गठन किया था।इस कमेटी ने सभी पार्टी प्रत्याशियों से बात की थी।इस कमेटी की जांच में हार का कारण भितरघात बताया गया था।

पूर्व मंत्री और पलवल सीट से चुनाव हारे करण दलाल को कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है।पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रमुख के सी भाटिया को कमेटी का संयोजक बनाया गया है।कमेटी के सदस्यों में विधायक आफताब अहमद,वरिंदर राठौड़,जयवीर वाल्मीकि,विजय प्रताप सिंह,वरिंदर बुल्लेशाह,मनीषा सांगवान को शामिल किया गया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में पिछले माह पांच अक्टूबर को मतदान कराया गया था।इसके बाद आठ अक्टूबर को मतगणना से परिणाम आया था। चुनाव परिणाम में कांग्रेस को कुल नब्बे सदस्यों की विधानसभा में 37सीट मिली थी।भाजपा ने सरकार बनाने के लिए जरूरी 46सीटों से दो अधिक 48सीट हासिल कर सरकार बना ली। कांग्रेस इस बार दावा कर रही थी कि प्रदेश में भाजपा सरकार दस साल की एंटी इनकंबेंसी की शिकार है और लोग चुनाव ने विकल्प के रूप में कांग्रेस को चुनना चाहते है। कांग्रेस के पक्ष में एक्जिट पॉल भी आए थे।

# धान की पराली जलाने पर चार किसानों पर एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** प्रतिबंध के बावजूद धान की पराली जलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। जिला पुलिस द्वारा पराली जलाने के आरोप में सोमवार को चार एफआईआर दर्ज की गई हैं। अब तक 14 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। पहले मामले में भूना पुलिस को दी शिकायत में कृषि विभाग भूना से एटीएम धर्मवीर ने कहा है कि उपायुक्त द्वारा धान कटाई उपरांत बचे हुए अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। गत दिवस हरसेक द्वारा उन्हें जीपीएस लोकेशन भेजी गई जिसमें गांव जंडली खुर्द में किसान द्वारा अपने खेत में आग लगाने की सूचना थी। इस पर कृषि विभाग की टीम



मौके पर पहुंची तो पाया कि किसान संदीप पुत्र दिलबाग निवासी जांडली खुर्द ने अपने खेत में 15 कनाल 16 मरला जमीन पर पराली में आग लगाई हुई थी। इस पर कृषि विभाग की टीम ने इस बारे पुलिस को सूचना दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी किसान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दूसरे मामले में भूना पुलिस ने एटीएम धर्मवीर की ही शिकायत पर किसान संदीप पुत्र होशियार सिंह निवासी जाण्डली कलां के खिलाफ केस दर्ज किया है। हरसेक से मिली लोकेशन के बाद कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि किसान ने 29 कनाल खेत में पराली जलाई हुई थी। तीसरे मामले में भूना पुलिस ने एटीएम महेन्द्रपाल की शिकायत पर किसान गुरजिन्द्र सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी रहनखेड़ी के खिलाफ केस दर्ज किया है। हरसेक से मिली लोकेशन के बाद कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि किसान ने 7 कनाल 8 मरला खेत में पराली जलाई हुई थी। चौथे मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने एग्रीकल्चर सुपरवाइजर भारतरतन की शिकायत पर किसान वेदप्रकाश पुत्र भरत सिंह निवासी हिजरावां कलां के खिलाफ केस दर्ज किया है। हरसेक से मिली लोकेशन के बाद कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि किसान ने 8 कनाल खेत में पराली जलाई हुई थी।

**सख्ती**

**कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि किसान ने 7 कनाल 8 मरला खेत में पराली जलाई हुई थी**

**स्मॉग की चादर से घिरा फतेहाबाद**

फतेहाबाद में सोमवार सुबह से ही घने स्मॉग की चादर से पूरा आसमान घिरा हुआ है। जिसके कारण फतेहाबाद क्षेत्र में आज एयर क्वालिटी इंडेक्स 306 के करीब पहुंच चुका है। जो वायु प्रदूषण की बेहद खराब स्थिति मानी जाती है। हालात यह हैं कि फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी, जुकाम आदि के मरीजों से ओपीडी भर गई।

# नहाय खाय के साथ सूर्योपासना और आस्था का महापर्व छठ आज से होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: लोक** आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो होगा । चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व की तैयारी दिवाली के बाद जोर-शोर से शुरू हो जाती है। इस पर्व में व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं। छठ महापर्व नहाय खाय के साथ शुरू होता है और खरना, अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य के बाद उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होता है। वहीं जिले भर में छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के कार्यकताओं ने पुलिस आयुक्त सतेंद्र गुप्ता से मुलाकात की । दरअसल छठ पूजा मुख्य रूप से सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का पर्व है। सूर्य देव के आशीर्वाद से व्यक्ति को निरोगी जीवन प्राप्त होता है और उसका घर धन-धान्य से भर जाता है। वहीं, छठी मैया की कृपा से निसंतान दंपत्तियों को संतान की प्राप्ति होती है। संतान के सुखी जीवन के लिए भी यह व्रत रखा जाता है। इसके रखने से मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। छठ पूजा का व्रत कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। यह व्रत वर्ष में दो बार आता है- पहला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को और दूसरा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को। कार्तिक शुक्ल षष्ठी को पड़ने वाली छठ पूजा का महत्व ज्यादा है, इसे छठ पूजा, सूर्य षष्ठी पूजा, डाला छठ, छठी माई, छठ आदि नामों से जाना जााता है। स्कंद पुराण के अनुसार राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत किया था। राजा प्रियव्रत कुष्ठ रोग से प्रभावित थे। भगवान सूर्य को प्रसन्न करने के लिए छठ का व्रत किया था।



**नहाय खाय ( 05 नवंबर, मंगलवार ):** छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि से होती है। पहले दिन नहाय खाय होता है। नहाय खाय के दिन को कुछ लोग कद्दू भात का दिन भी कहते हैं । पूरी शुद्धता के साथ छठ व्रती स्नान कर नहाय खाय का प्रसाद बनाते हैं । इस दिन अरवा चावल का भात, चना दाल एवं कद्दू मिला हुआ दाल बनाया जाएगा। नहाय खाय के दिन बने प्रसाद में लहसुन-प्याज पर प्रतिबंध होता है। छठ व्रती प्रसाद बनाने के बाद पहले भगवान सूर्य की आराधना करते हैं उसके बाद नहाय खाय का प्रसाद ग्रहण करते हैं । छठ व्रती के प्रसाद ग्रहण के बाद ही परिवार के अन्य सदस्य प्रसाद को ग्रहण करते हैं ।

**खरना ( 06 नवंबर, बुधवार ):** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को छठ महापर्व का खरना किया जाता है। पर्व के दूसरे दिन व्रती सुबह से निर्जला उपवास करेंगी। दिनभर घर या नदी किनारे व्रती गंगाजल से साफ-सफाई करेंगी।

शाम में मिट्टी के चूल्हे में आम की लकड़ी जलाकर पीतल या मिट्टी के बर्तन में गुड़, चावल और दूध से खीर बनाएंगी। फिर गंगाजल से धुले गेहूं को पिसवा कर रखे आंटे से पूड़ी या रोटी बनाएंगी। शाम होते ही छठी मईया की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। तत्पश्चात घर के बाकी लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

छठ पूजा संध्या अर्घ्य (07 नवंबर, बृहस्पतिवार ): कार्तिक मास शुक्ल पक्ष षष्ठी के दिन यानी खरना के अगले दिन को छठी मैया की विशेष पूजा होती है। इस दिन महिलाएं पूजा का विशेष प्रसाद ठेकुआ और चावल के लड्डू बनाती हैं। इसके बाद पूजा सामग्री को बांस की टोकरी आदि में सजाकर रखते हैं। फिर घर का पुरुष सदस्य पूजा के उस टोकरी को सिर पर रखकर तालाब या नदी के तट पर ले जाता है। वहां पर स्नान के बाद अस्त होते सूर्य की पूजा करते हैं और दूध तथा गंगा जल से अर्घ्य देते हैं। तट के किनारे मिट्टी की बनी छठ मइया की प्रतीक का पूजा की जाती है।

सूर्योदय अर्घ्य (08 नवंबर, शुक्रवार ): कार्तिक मास शुक्ल पक्ष सप्तमी को व्रती नदी या तालाब के किनारे जाकर उगते हुए सूर्य की विधिपूर्वक पूजा करते हैं और दूध तथा गंगा जल से अर्घ्य देते हैं। इसके बाद प्रसाद लोगों में वितरित किया जाता है। फिर व्रती पारण कर व्रत को पूर्ण करते हैं।

**श्रद्धालुओं ने की छठ घाटों की सफाई, सब्जी मंडी व आसपास के बाजार में पूजन सामग्री की हुई खरीदारी:** छठ पर्व को लेकर सोनीपत के बाबा कॉलोनी व कबीरपुर स्थित छठ घाट, यमुना के मीमारपुर घाट, रोहट नहर स्थित घाट सहित विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई की जा रही है।

# महिलाओं की सुरक्षा कुरुक्षेत्र पुलिस की प्राथमिकता: पुलिस अधीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: पुलिस** महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियो और छोटे बच्चो को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस की टीमो द्वारा प्रतिदिन अलग अलग शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कैंप लगाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि



पुलिस टीमो द्वारा बच्चो व महिलाओ को समझाया जा रहा है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से सांझा जरुर करें ताकि कोई अनहोनी न हो। अधूरी जानकारी होने के कारण बच्चों के साथ अधिक शोषण होता है। अगर बच्चा समय रहते शोषण संबंधी जानकारी माता-पिता या अध्यापकों को दें तो वे शोषण से बच सकते हैं। इसके अलावा बच्चों को अपने भरोसेमंद को ही सारी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं विशेष रूप लड़कियों को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। इसके साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा की ट्रेंनिंग भी दी जा रही है ताकि वो अपनी रक्षा खुद कर सकें और महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें। पुलिस टीमो द्वारा छोटे बच्चो को गुड टच-बैड टच के बारे में भी बताया जा रहा है।

# शहर को साफ-सुथरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने कहा कि शहर की साफ सफाई को लेकर हमें जिम्मेदारी पूर्वक अपनी डयूटी का निर्वहन करना होगा। शहर को प्रदूषण मुक्त करना उनकी प्राथमिकता है। इस पर कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि हमें इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी है। उपायुक्त ने कहा कि हमें शहर की बेहतरी के लिए कार्य करना होगा जहां पर गंदगी की समस्या है उस पर ध्यान देकर शहर को गंदगी से निजात दिलानी होगी। निगम के अलावा हमारी अपनी भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि शहर की साफ सुथरा व सुंदर रखें। आम तौर पर देखने में आया है कि हम स्वयं ऐसे स्थानों पर गंदगी फैलाने से नहीं चुकते जहां से आवगमन ज्यादा रहता है जिससे आम व्यक्ति को भी परेशानी होती है। उपायुक्त ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक किया जा रहा है। जहां जहां रस्ते बाधित है, सडके टूटी है वहां व्यवस्था बनाई जा रही है।

# डयूटी के तनाव को घर पर लेकर न जाए पुलिसकर्मी: डॉ. ई.वी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र: प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में तनाव प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारीज : अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता बी.के डॉ. ई.वी स्वामीनाथन ने अपने संबोधन में तनाव प्रबंधन पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने बताया कि? आज प्रातः पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में परेड में उपस्थित नए व पुराने सभी पुलिस कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय वक्ता बी.के. डॉ ई. वी स्वामीनाथन ने संबोधित किया। ब्रह्माकुमारीज सुरक्षा सेवा विंग के अंतरराष्ट्रीय



वक्ता ने पुलिस कर्मियों को अपने संबोधन में बताया कि सबसे पहले सभी को अपने आप को सशक्त करना है। आप लोगों पर बहुत दबाव रहता हैं। प्रातः से ही क्राइम, चोरी, भ्रष्टाचार आदि अनेकों मामले सुनने में आते हैं। इस कारण मन पर बहुत दबाव और तनाव रहता है। ऐसे समय में मन बुद्धि के द्वारा सोच समझ कर ईमानदारी से निर्णय करें। पुलिस डयूटी के तनाव को घर पर लेकर न जाए। प्रतिदिन मेडिटेशन अवश्य करें और खुश रहे। बी.के मधु बहन ने सभी को मेडिटेशन की अनुभूति करवाई। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक को ईश्वरीय सौगात बीके डॉक्टर स्वामीनाथन और बीके मधु बहन ने दी। इस अवसर पर पुलिस उप अधीक्षक निर्मल सिंह, अशोक गोयत, ओम प्रकाश तथा विक्रांत सिंह निरीक्षक के साथ अन्य कर्मचारी और बीके करण सिंह, बीके संत कुमार मौजूद रहे।

# अनिराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह रू. 1850 की वित्तिय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) डीसी डाक्टर वीरेद्र कुमार** दहिया ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तिय सहायता का लाभ पात्र है।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 05.11.2024 से 07.11.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04010 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी, बरेली कैंट, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., भाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. और बिहार शरीफ |
| 04036 | नई दिल्ली | 12:00 | भागलपुर | 10:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जं. एवं मोकामा |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा | 10:03 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली एवं म रख |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04072 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढ़ी और जनकपुर रोड |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 04034 | दिल्ली जं. | 23:45 | जयनगर | 23:00 | 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी |
| **दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04022 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:40 | सीतामढ़ी जं. | 15:45 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, राय बरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | प्रथम वाता.+2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं लखनऊ |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05038 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:10 | बनारस | 01:10 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, राय बरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं भदोही |
| 04056 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:05 | बलिया | 10:00 | प्रथम वाता.+2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., जौनपुर जं. एवं गाजियाबाद सिटी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 02246 | हजरत निजामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02252 | नई दिल्ली वंदे भारत त्यौहार स्पेशल | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं. बड़हिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर और सुलतानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04040 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:30 | भागलपुर | 11:40 | 3 टियर वाता., | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज |
| 04684 | नई दिल्ली | 21:30 | सहरसा जं. | 04:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरियासदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| **दिनांक 07.11.2024 (गुरूवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 2 + 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05110 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:55 | छपरा | 06:45 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सिवान जं. |
| 04028 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 2+3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 05004 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एव मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# भौतिकवाद मूल्यों पर भारी पड़ रहा

**बचपन** और जवानी की तरह बुढ़ापा भी मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। बुढ़ापा, जवानी और बचपन में बुनियादी अंतर यह है कि बचपन और जवानी जीवन में एक बार आती है और चली जाती है, लेकिन जब बुढ़ापा आता है तो आखिरी सांस तक हमारे साथ रहता है। आम तौर पर, जिस व्यक्ति ने अपने जीवन का चरम 60 वर्ष देखा हो, उसे पुराने क्लब के सदस्य के रूप में पहचाना जाता है। उम्र के इस पड़ाव पर समाज को समझदारी की उम्मीद होती है. उसे ज्येष्ठ की उपाधि देता है, परन्तु उस समयदुख तो तब होता है जब दूर से देखने पर ऐसा लगता है कि कोई बूढ़ा आदमी आ रहा है, लेकिन जब मुंह खोलता है तो वह बूढ़ा आदमी निकलता है। बूढ़े आदमी और बूढ़े आदमी के बीच अंतर यह है कि बूढ़ा आदमी हमेशा समझदारी से बात करता है जबकि बूढ़ा सिर्फ बात करता है। आधुनिक समय में हर रिश्ते में दरारें आ रही हैं। माता-पिता अक्सर बुढ़ापे में खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं। दुःख की बात है कि बच्चे अपने माता-पिता को बृहद-आश्रम में छोड़ने से भी नहीं हिचकिचाते। ऐसी सामाजिक घटना न सिर्फ निंदनीय है बल्कि बेहद शर्मनाक है. तो इसे बंद कर दीजिएयह आवश्यक है क्योंकि बुजुर्गों की उपेक्षा करके हम स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं कर सकते। यह समस्या दिन-ब-दिन विकराल क्यों होती जा रही है? हालाँकि नई पीढ़ी 'खाओ, पियो, राख करो' के सिद्धांत में गलत है, भौतिकवाद मूल्यों पर भारी पड़ रहा है, लेकिन फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे हमेशा गलत होते हैं। कई बार माता-पिता की भी गलती देखने को मिलती है। अधिकांश बुजुर्गों को उनके बचपन के दौरान उनके माता-पिता द्वारा अनुशासित किया जाता है और उन्होंने अपने जीवन में कड़ी मेहनत की है। तो अब उनके अपने बच्चे भी हैंडांटना चाहते हैं, लेकिन ऊंचे पढ़े-लिखे बच्चे यकीनन बहुत बातें करते हैं। मशीनीकरण के युग में नई पीढ़ी को टोका-टोकी बर्दाश्त नहीं होती, जबकि पुरानी पीढ़ी उन पर अपना अनुभव और ज्ञान थोपना चाहती है। शादी के बाद जब माता-पिता अपनी बहू को सिर्फ एक स्थाई नौकरानी समझने लगते हैं तो समस्या यहीं से शुरू होती है। जिस लड़की ने मंगनी के दौरान बातचीत के दौरान अपने पिता को तड़पते देखा है. उनसे सच्चे सम्मान की उम्मीद करना भी मूर्खता है. इस स्थिति मेंक्रिया की प्रतिक्रिया होती है. प्रतिक्रिया, क्रिया के इस चक्र में रिश्तों पर असर पड़ने लगता है। जब आपके बेटे की शादी हो तो आपको अपनी बहू को अपनी बेटी मानना ??चाहिए क्योंकि शादी के समय वह अपना घर और माता-पिता छोड़कर आपके घर आती है। अब आप उसके माता-पिता हैं. यह आप पर निर्भर है कि आप इसे कैसे लेते हैं। आप उसके साथ जैसा व्यवहार करेंगे वैसा ही व्यवहार करेंगे. यदि आप अच्छे संस्कारों के साथ व्यवहार करेंगे तो बदले में आपको सम्मान मिलेगा। ऐसी स्थिति जहां किसी को दबाव डालने के लिए मजबूर किया जाता हैउसके बाद यह उसी ताकत से टूट जाएगा या वापस उछल जाएगा। विज्ञान के इस सिद्धांत को हम नकार नहीं सकते। माता-पिता अक्सर शादी के बाद अपने बेटे के व्यवहार में बदलाव को लेकर शिकायत करते हैं।

# प्रधानमंत्री ने साइबर अपराध से बचने का दिया मंत्र



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> "साइबर अपराधियों ने किसी उद्योगपति से 7 करोड़ रुपए लूट लिए, तो एक सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी प्रोफेसर को 75 लाख रुपए किसी अनाम बैंक खाते में ट्रांसफर करने को विवश कर दिया। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में किसी से 19 लाख रुपए लूट लिए और जालसाज ने खुद को मुंबई फाइनेंशियल टास्क फोर्स का सदस्य बताया। साइबर अपराधियों ने हर रोज अखबार बेचने वाले को भी नहीं बख्शा और उसके खाते से 1 लाख रुपए झटक लिए। दरअसल यह जालसाजी और लूटने की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी है।ये अपराधी पढ़े-लिखे इंजीनियर नहीं, बल्कि बेहद औसत किस्म के होते हैं, लेकिन वे साइबर अपराध के पक्के खिलाड़ी हैं। हरेक जालसाजी में एक पुलिस वाला होता है, जिसकी वर्दी नकली होती है"

**कभी डिजिटल** अरेस्ट तो कभी निवेश और जॉब के नाम पर ठगी। आए दिन हजारों लोग जालसाजों की बातों में आकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। साइबर अपराधियों और जालसाजों का खौफ इतना बढ़ चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी मन की बात के 115 वें एपिसोड में इसका जिक्र करना पड़ा। प्रधानमंत्री को देश की चिंताओं के साथ अपने सरोकार साझा करने पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी घटनाओं से डरना नहीं है, क्योंकि यह सब कुछ फजीवाड़ा है। प्रधानमंत्री ने एक मूल मंत्र का सुझाव भी दिया है कि जब भी कोई ऐसी कॉल आए और आपको डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की जाए, तो आपको यह करना चाहिए-रुको, सोचो और फिर एक्शन लो। किसी भी प्रधानमंत्री ने पहली बार देश को स्पष्ट किया है कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, पुलिस आदि सरकारी एजेंसियां फोन पर गिरफ्तारी की धमकियां नहीं देती हैं और न ही यह उनकी कार्यप्रणाली है। यदि कोई अपराध हुआ है, तो उसकी जांच करने और दंड देने की कार्यप्रणालियां तय हैं।

दरअसल देश का आम आदमी इन सरकारी एजेंसियों की प्रक्रिया नहीं जानता और उनसे खौफ खाता है, लिहाजा उनकी आड़ में जालसाज लूट रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आश्वस्त भी किया है कि सरकार साइबर अपराध, जालसाजी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने जा रही है। एजेंसियों ने अपने काम आरंभ भी कर दिए हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री के इस सरोकार का अपना ही महत्व है, क्योंकि यह जालसाजी और डिजिटल अरेस्ट किसी महामारी की तरह फैल रही है।

साइबर अपराधियों ने किसी उद्योगपति से 7 करोड़ रुपए लूट लिए, तो एक सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी प्रोफेसर को 75 लाख रुपए किसी अनाम बैंक खाते में ट्रांसफर करने को विवश कर दिया। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में किसी से 19 लाख रुपए लूट लिए और जालसाज ने खुद को मुंबई फाइनेंशियल टास्क फोर्स का सदस्य बताया। साइबर अपराधियों ने हर रोज अखबार बेचने वाले को भी नहीं बख्शा और उसके खाते से 1 लाख रुपए झटक लिए। दरअसल यह जालसाजी और लूटने की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी है।ये अपराधी पढ़े-लिखे इंजीनियर नहीं, बल्कि बेहद औसत किस्म के होते हैं, लेकिन वे साइबर अपराध के पक्के खिलाड़ी हैं। हरेक जालसाजी में एक पुलिस वाला होता है, जिसकी वर्दी नकली होती है। उसके अलावा, सीबीआई, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स, कभी-कभार रिजर्व बैंक आदि का प्रतिनिधि भी बताते हैं। नकली सर्वोच्च अदालत भी दिखा दी जाती है और फर्जी वारंट भी पेश कर दिया जाता है। वीडियो कॉल पर बात करते हुए अपराधी बार-बार कहते हैं कि पास में कोई तीसरा आदमी नहीं होना चाहिए। कभी-कभार पुलिसिया रौब भी दिखाते हैं। जालसाज इतना मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं कि डिजिटल अरेस्ट वाला व्यक्ति,अंततः, पैसा ट्रांसफर करने को विवश हो जाता है। ये अपराधी अपने नकारात्मक हुनर में इतने सिद्धहस्त होते हैं कि किसी के बेटा, बेटी या अन्य परिजन की आवाज क्लोन करके भी सुना देते हैं। आप उस आवाज को ही असली मान कर समझौता करने को तैयार हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात में इस फजीवाड़े को पूरी तरह साझा किया है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर 1 जनवरी से 30 अप्रैल, 2024 के बीच 7.4 लाख शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के मुताबिक, जालसाजियों की कई किस्में हैं-डिजिटल अरेस्ट, ट्रेडिंग स्कैम, निवेश घोटाला, रोमांस, डेटिंग स्कैम आदि। इसी साल जनवरी से अप्रैल के बीच भारतीयों ने डिजिटल फ्रॉड में 120.3 करोड़ रुपए गंवाए हैं, जबकि ट्रेडिंग घपले में 1420.48 करोड़, निवेश घोटाले में 222.58 करोड़ और रोमांस, डेटिंग स्कैम में 13.23 करोड़ रुपए खोए हैं। रपटों के मुताबिक, कई जालसाज, अपराधी म्यांमार, लाओस, कंबोडिया आदि देशों में हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रपट में उल्लेख है कि 2023-24 में कार्ड और इंटरनेट संबंधी फ्रॉड केस हुए हैं। सवाल यह है कि सरकार इन अपराधों से आम आदमी को कैसे मुक्ति दिला सकती है? आजकल डिजिटल अरेस्ट बेहद प्रचलन में है और हजारों लोग इसके शिकार हो चुके हैं। लोगों को जालसाज फोन करके कहते हैं कि वे चोरी या मनी लॉड्रिंग मामले में फंस गए हैं। उनकी ऑनलाइन पेशी होगी। जब लोग डर जाते हैं तो उनसे रकम मांगी जाती है। साइबर सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक जब भी ऐसा कोई फोन या ईमेल आए तो ध्यान दें कि सरकारी एजेंसियां कभी भी ऐसे प्लेटफार्म का उपयोग नहीं करती हैं। सबसे पहले संबंधित एजेंसी से सीधे संपर्क करके उनकी पहचान सत्यापित करें। घबराएं नहीं, क्योंकि जालसाज लोगों के डर का ही फायदा उठाते हैं। खुद को शांत रखें और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें। दबाव में पैसे भेजने से बचें, क्योंकि कानूनी एजेंसियां तुरंत पैसे भेजने के लिए कभी भी दबाव नहीं डालती हैं। इस घोटाले में जालसाज ऐसे ईमेल और मेसेज बनाते हैं जो वैध लगते हैं। वह अक्सर बड़े ब्रांड के लोगो और ब्रांड का उपयोग करके लोगों को मेसेज करते हैं कि लॉटरी और पुरस्कार के तौर पर उन्होंने बड़ी राशि जीती है। इसके बाद पुरस्कार का दावा करने के लिए उन्हें प्रोसेसिंग शुल्क और करों का भुगतान करने के लिए कहा जाता है। इस दौरान जालसाज लोगों के लालच का फायदा उठाते हैं।नलाइन डेटिंग एप के जरिये भी लोगों को ठगा जाता है। जहां पहले पीड़ितों से भावनात्मक जुड़ाव किया जाता है और फिर मेडिकल मदद और इमरजेंसी की बात कहकर धन की मांग की जाती है। वहीं जॉब स्कैम में वैध भर्ती पोर्टल या सोशल मीडिया पर नकली भर्ती निकालकर युवाओं को ठगा जाता है।



प्रचलित निवेश घोटाले में ठग पीड़ित की जल्दी पैसा कमाने की इच्छा का फायदा उठाते हैं और अलग-अलग योजनाओं का नाम देकर बेहतर रिटर्न देने का वादा करते हैं। कैश-ऑन-डिलीवरी घोटाले में ठग सीओडी ऑर्डर स्वीकार करने वाले नकली ऑनलाइन स्टोर स्थापित करते हैं। जब प्रोडक्ट भेजा जाता है तो यह नकली होता है। तकनीकी सहायता घोटाले में साइबर अपराधी पीड़ित के तकनीकी ज्ञान की कमी का फायदा उठाकर कंप्यूटर में वायरस होने की बात कहकर पहुंचते हैं और डाटा चोरी कर लेते हैं।

साइबर अपराधी वाट्सएप पर ग्रुप बना रहे है। उस ग्रुप में गिरोह के कुछ लोग पहले से शामिल होते है। ग्रुप में लोगों को जोड़ने के बाद उन्हें पार्ट टाइम जॉब, फोन से काम रुपये कमाए,अर्न एट होम जैसे ऑफर देते है। उसके बाद गिरोह के ही लोग उसमें अपनी कमाई के बारे में फर्जी बाते बताते है। उनके द्वारा बैंक खाता का कुछ स्क्रीन शॉट भी डाला जाता है। जिसे देख कर लोग साइबर अपराधी के झांसे में आकर अपना रुपये गवा रहे है। पीड़ित ने बताया कि दो-तीन बार ग्रुप से हटने के बाद भी कई बार दूसरे नाम से ग्रुप में जोड़ दिया जाता है। साइबर गिरोह में शामिल महिलाएं मैसेंजर के माध्यम से फेसबुक पर लिंक भेज कर अश्लील चैट करना शुरू करती है। फिर वीडियो कॉल पर अश्लील चैट करना शुरू कर उसका स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लोगों को फंसाती है। उसके बाद ठग पीड़ित से रुपये की मांग करती है। ऐसे में लोग अपनी इज्जत बचाने को लेकर ठगी का शिकार हो जाते है।भारत में साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन उसकी विशेषज्ञ पुलिस हमारे पास नहीं है। जो सामान्य पुलिस है, उसे ही बदल-बदल कर साइबर का काम सौंप लिया जाता है। उन्हें जालसाजों की तरह महारत हासिल नहीं है और न ही वे बदलती प्रौद्योगिकी के जानकार हैं। औसतन 3-4 लाख लोगों पर एक पुलिसवाला है। तो साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट सरीखे अपराधों से हमारी व्यवस्था कैसे निपट पाएगी? साइबर अपराधी लगातार अपनी प्रौद्योगिकी और कार्यशैली बदलते रहते हैं, लिहाजा उन्हें दबोचना वाकई एक गंभीर चुनौती है। प्रधानमंत्री के सरोकार से जनता में कुछ जागृति आ सकती है, सरकारी एजेंसियां दायित्व निभाएं।

## कविता

सिर्फ रात है, मैं हूं और है तन्हाई।

ठोकरे हमने प्यार में बहुत खाई
तेरी याद हमें आई तो बहुत आई।

मजहबों में क्यों बाटते हो इसको
सबका तो है यहां लाल रक्त भाई।

काश इस माहौल में आप होते
सिर्फ रात है मैं हूं और है तन्हाई।

दिन तो बड़ी खैरियत से गुजरा पर
नींद रात भर ना आई तो ना आई।
तुमने आजादी जिसको समझा है
हमने बड़ी कुर्बानियां देकर पाई।

दिल में हमारे जख्म तब ही खिला
जब कहीं मासूम कली कुम्हलाई।

बड़ी जद्दोजेहद की है जिंदगी भी
एक तरफ कुआं एक तरफ खाई।

नाकामी के दौर से गुजरे हम संजीव
रोशनी ए दौलत हम तक ना आ पाई।

संजीव

---------

# भारत- अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त

**आर.के. सिन्हा**

**अमेरिका** में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है।

## विचार

# पीड़ितों को कब तक मिलती रहेगी तारीख-पे-तारीख

**-प्रियंका सौरभ**

**यह सही** कहा गया है, "न्याय में देरी न्याय से इनकार है," सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है। वकीलों को नैतिक प्रथाओं पर शिक्षित करने, अनावश्यक स्थगन अनुरोधों को हतोत्साहित करने और समय पर केस समाधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करें। कानूनी निकायों ने सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मामले निपटान की संस्कृति विकसित करना है। भारत में न्यायिक बैकलॉग एक बड़ी चुनौती है, जहाँ विभिन्न न्यायालयों में 4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इस बैकलॉग का एक मुख्य कारण अत्यधिक न्यायिक स्थगन है, जो मामले के समाधान में देरी करता है और न्याय प्रदान करने में बाधा डालता है। कार्यवाही को सुव्यवस्थित करने के प्रयासों के बावजूद, बार-बार स्थगन प्रगति को बाधित कर रहे हैं। इस मुद्दे को सम्बोधित करने के लिए इसके मूल कारणों को समझना और व्यवस्थित सुधारों को लागू करना आवश्यक है। बार-बार स्थगन से मामलों की अवधि बढ़ जाती है, कभी-कभी अंतिम समाधान में वर्षों या दशकों तक का समय लग जाता है, जिससे न्यायपालिका की दक्षता प्रभावित होती है। प्रत्येक स्थगन मुकदमेबाजी के समग्र खर्च को बढ़ाता है, जिससे पक्षकारों पर वित्तीय बोझ पड़ता है, खासकर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है।

अंडरट्रायल से जुड़े आपराधिक मामलों में अक्सर कई स्थगन होते हैं, जिससे न्याय में देरी होती है और निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई के आरोपी के अधिकार पर असर पड़ता है। स्थगन के कारण न्यायालय का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है, जिसका उपयोग अन्य मामलों को निपटाने में किया जा सकता है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। स्थगन के कारण होने वाली देरी से गवाहों में थकान, स्मृति क्षरण और कभी-कभी पीछे हटने की प्रवृत्ति पैदा हो सकती है, जिससे साक्ष्य की गुणवत्ता और मामले के परिणामों पर असर पड़ता है। गवाहों को डराने-धमकाने के मामलों में, बार-बार स्थगन के कारण गवाह अपने बयान से मुकर जाते हैं या बदल देते हैं, जिससे फैसले पर असर पड़ता है। प्रक्रियात्मक संहिता स्थगन के लिए छूट प्रदान करती है, जिससे वकील रणनीतिक लाभ के लिए इस लचीलेपन का फायदा उठा सकते हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता कुछ शर्तों के तहत स्थगन की अनुमति देती है, लेकिन कार्यवाही में देरी के लिए अक्सर इसका दुरुपयोग किया जाता है। उच्च केस लोड और सीमित न्यायालय कर्मचारी बार-बार स्थगन में योगदान करते हैं, क्योंकि न्यायाधीश प्रत्येक मामले को पर्याप्त समय आवंटित करने के लिए संघर्ष करते हैं। निचली अदालतों में, न्यायाधीशों पर अक्सर बहुत अधिक बोझ होता है, वे हर महीने सैकड़ों मामलों को संभालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सुनवाई स्थगित हो जाती है

पक्षकार व्यक्तिगत या रणनीतिक कारणों से कार्यवाही में देरी करने के लिए जानबूझकर स्थगन की मांग कर सकते हैं, जैसे कि वित्तीय देनदारियों में देरी या प्रतिकूल निर्णयों को स्थगित करना। संपत्ति विवादों में, प्रतिवादी कभी-कभी समाधान के बिना कब्जे को लम्बा करने के लिए बार-बार स्थगन का अनुरोध करते हैं। प्रभावी केस प्रबंधन प्रणालियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि मामलों को कुशलतापूर्वक शेड्यूल या मॉनिटर नहीं किया जाता है, जिससे अनावश्यक स्थगन होता है। डिजिटल केस-ट्रैकिंग सिस्टम की कमी वाले न्यायालयों को प्रशासनिक अक्षमताओं का सामना करना पड़ता है, जिससे केस की प्रगति की निगरानी करना और देरी को कम करना कठिन हो जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अमेरिका: 7 राज्यों के मतदाता निर्णायक होंगे

**अमेरिका** में 60वां राष्ट्रपति चुनाव का मतदान 5 नवंबर 24 को यानी आज होगा। इस चुनाव से अमेरिका में 47 वां राष्ट्रपति एवं 50वां उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बराबरी की टक्कर मानी जा रही है। कमला हैरिस मिशीगन स्टेट कोई अपना ठिकाना बनाए हुए हैं दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप पूर्वी स्टेट में अपनी जोर आजमाइश कर रहे हैं। मिशिगन में ईस्ट लेसिंग शहर एक औद्योगिक राज्य का कॉलेज शहर है और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए यह शहर लोहे के चने चबाने जैसा प्रतीत हो रहा है यहां लगभग 2 लाख अरबी मूल के अमेरिकी नागरिक निवासरत हैं और डेमोक्रेटिक पार्टी को भारी विरोध का सामना करना पड़ सकता है ये नागरिक उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से इसलिए नाराज है कि उन्होंने गाजा में युद्ध विराम के लिए कोई प्रयास नहीं किये। डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि इस युद्ध को हुए तत्काल राष्ट्रपति बनने के बाद रुकवाएंगे। अमेरिका एक शक्ति संपन्न राष्ट्र है और उसकी नीतियां,राजनीति एवं कूटनीति पूरी दुनिया के देशों को प्रभावित करती है फिर वह राजनीतिक सामरिक अथवा व्यापारिक लेनदेन, समझौते या युद्ध में मदद की बात हो अमेरिका का दखल लगभग सभी मसलों में एक जैसा रहता है। यह अलग मुद्दा है कि पश्चिम एशिया,चीन, रूस एवं नॉर्थ कोरिया जैसे देश अमेरिका के धुर विरोधी रहे हैं। चीन और रूस के सामरिक,व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर आपस में टकराते रहे हैं। यह गौर किए जाने वाली बात है कि अमेरिका में अगला राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करेंगा। चुनाव से पहले अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय के एक बड़े समूह ने चुनाव में भारतीय अमेरिकी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रयोजन शुरू किया है। एक नान प्रॉफिटेबल संस्था फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज ने एक अभियान चलाया है जिसे इंडो अमेरिकन वोटर्स मेटर इस नाम दिया गया है जिसमें तमाम भारतवंशियों को एक छत के नीचे लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# संवेदनशील सरकार

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमारे देश** की सरकार जितनी संवेदनशील है, उतनी तो शायद गेंडे की खाल भी न हो। आप देखिए, जहाँ आम आदमी अपनी समस्याओं से जूझ रहा है, वहाँ सरकार की संवेदनशीलता उसकी हर बात पर प्रतिक्रिया देती है वह कभी प्रतिक्रिया न दे, ये कैसे हो सकता है? जनता ने कहा, साहब, महंगाई बहुत बढ़ गई है, खाने के लिए कुछ सस्ता कर दीजिए। सरकार तुरंत संवेदनशील हो गई। बोली, अरे, चिंता मत करो, हम जल्दी ही एक कमेटी बना रहे हैं जो इस पर विचार करेगी। जब तक वो कुछ नहीं करती, तुम खुद ही सस्ते विकल्प ढूंढ लो जैसे भूख और व्रत।

फर किसान आए। बोले, हमारी फसलें बरबाद हो रही हैं, बारिश न होने से खेत सूख गए हैं। सरकार फिर से संवेदनशील हो गई। उसने कहा, किसानों के लिए हम बहुत चिंतित हैं, और उनके लिए एक लंबी योजना बना रहे हैं जिसमें, हाँ, आने वाले 25 सालों में हम बारिश की भी व्यवस्था करेंगे।

इस पर भी सरकार की संवेदनशीलता रुकी नहीं। एक दिन बेरोजगार युवा आए और बोले, साहब, नौकरी नहीं मिल रही, क्या करें? सरकार की संवेदनशीलता फिर जाग गई।

बोली, बेटा, बेरोजगारी तो तुम भी दूर कर सकते हो। देखो, सड़क पर पान की दुकान खोल लो, सब्जी बेच लो या यूट्यूब चैनल शुरू कर दो। आत्मनिर्भरता का ये स्वर्ण युग है। सरकार हर किसी की समस्या सुनकर संवेदनशील हो जाती है। जैसे अगर आप बैंक में पैसा डालकर सोचें कि बैंक उसका ब्याज देगा, तो सरकार कहेगी, हमने तुम्हें सुविधा दी कि तुम बैंक में पैसा डाल सको, अब ब्याज भी चाहिए? इतनी संवेदनशील मत बनो, आत्मनिर्भर बनो। और आखिर में, जब आम जनता कहती है कि साहब, हमारे घर में बिजली नहीं है, पानी नहीं आ रहा, सड़कें टूटी पड़ी हैं,ह्व तो सरकार फिर अपनी संवेदनशीलता से जवाब देती है, भाई, तुम्हारे पास घर है, ये क्या कम है? ये सरकार है, जो हर सवाल का जवाब संवेदनशीलता से देती है। जनता अगर थोड़ा और पूछे तो शायद सरकार कह दे, तुम्हारी संवेदनाएं हैं, हमसे ज्यादा। चलो, अब तुम ही सरकार चला लो।

## न्यूज फ्लैश

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार बैंक कर्मचारी की मौत

**गन्नौर। जी टी रोड पर** फ़्लाई के पास ट्रक की मोटरसाईकिल में टक्कर से एसबीआई बैंक के कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत की जनता कालोनी के रहने वाले बिजेन्द्र ने बताया कि वह बैंक से सेवानिवृत है। उसके पास तीन लड़की व एक लड़का है। मेरा लड़का जयवीर उम्र 37 वर्ष एसबीआई बैंक में नौकरी करता था। 3 नवम्बर को जयबीर अपनी पत्नी सुमन को छोड़ने चंडीगढ़ गया था। उन्हें सूचना मिली की जयबीर का एक्सीडेंट हो गया है और वह गन्नौर के सरकारी अस्पताल में उपचाराधीन है। शिकायत में बताया कि उसके बाद परिवार के साथ गन्नौर अस्पताल में पहुंचा तो प्राथमिक उपचार के बाद जयबीर की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### छेड़खानी की शिकायत देने गए युवक के साथ मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**गन्नौर। गांव गुमड़ के** युवक के साथ छेड़खानी के मामले की पुलिस स्टेशन में शिकायत देकर वापिस लौटते समय मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में गुमड़ गांव के नीरज ने शिकायत देते आरोप लगाया कि मेरे बड़े भाई लड़की के साथ गौरव पहल ने छेड़खानी करने के आरोप में पुलिस को शिकायत देने के बाद अपने घर वापिस आ रहा था। जब मै अपनी बाईक पर रोयल जीम खेड़ी रोड के पास पहूंचा तो गौरव पहल व तीन चार लड़कों ने मेरा रास्ता रोक लिया और पुलिस को शिकायत देने का विरोध जताया। आरोप है कि इसके बाद गौरव ने अपने हाथ मे लिया हुआ कोहाड़ीया मेरे सिर में मारा और मेरी मोटरसाईकिल तोड़ दी। इसके बाद वह अपनी जान बचाने के लिए भागने लगा तो उक्त युवकों ने जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में बताया कि सूचना मिलने के बाद मेरा भाई नरेन्द्र मेरे पास आया और उपचार के लिए गन्नौर सरकारी अस्पताल में लेकर गया। उपचार के बाद मेडीकल करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी।

### कालका एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**गन्नौर। गन्नौर-राजलू गढ़ी** रेलवे स्टेशन के बीच दिल्ली-पानीपत रेलमार्ग पर एक व्यक्ति की एक्प्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची। मृतक के पास मोबाइल फोन या पहचान पत्र नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40-45 वर्ष है। मृतक ने काले रंग की पैंट व सफेद रंग की टीशर्ट पहन रखी थी। देखने में मृतक मजदूर लग रहा है। वह रविवार की रात ट्रैक पार कर दूसरी तरफ जा रहा था। इस दौरान दिल्ली से अंबाला जा रही कालका एक्सप्रैस ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल शव को सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

### सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) का बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, : मौसम परिवर्तित हो** रहा है तो बुजुर्गों एवं बच्चों के जल्द बीमार होने का खतरा रहता है। ऐसे समय में सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) की टीम ने जिला भर के स्कूलों में जाकर बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया है। सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) के कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि उनकी टीम हर वर्ष मौसम परिवर्तित होने के समय बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाती है। सर्दी का मौसम शुरू हो रहा है तो विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बच्चों एवं बुजुर्गों से कहा जा रहा है कि कपड़े पहनने में लापरवाही न करें। पूरी बाजु की कमीज के साथ शरीर के अन्य हिस्सों को ढक कर रखें। पवन मित्तल ने कहा कि आजकल डेंगू फैलने की सूचना मिल रही है तो लोग आसपास सफाई रखें तथा कहीं भी पानी का जमाव न होने दें। सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) का स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान है। इसी अभियान के साथ सेवा ट्रस्ट यू.के. की टीम लोगों को जागरूक करते हुए आवश्यक सामान भी उपलब्ध करवाती है। टीम के सभी सदस्यों की अलग अलग क्षेत्रों के लिए ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं।

# हकेवि कुलपति ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम की विवरणिका का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में आगामी 23 दिसंबर, 2024 से 04 जनवरी, 2025 तक आयोजित होने वाले क्षमता निर्माण कार्यक्रम की विवरणिका का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 12 दिवसीय यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश भर के उच्च शिक्षण संस्थानों के संकाय सदस्य प्रतिभागिता कर सकते हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विवरणिका का विमोचन करते हुए कहा कि



अवश्य ही यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सामाजिक विज्ञान के संकाय सदस्यों को मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध करने और कौशल विकास में मददगार साबित होगा। कोर्स निदेशक प्रो. पायल कंवर चंदेल ने बताया कि 12 दिवसीय कोर्स के लिए पंजीकरण 04 नवंबर 2024 से शुरू हो गया है। इच्छुक प्रतिभागी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते हैं। इसी क्रम में कोर्स के सह-निदेशक डॉ. विष्णु नारायण कुचेरिया ने बताया कि मानविकी और सामाजिक विज्ञान के संकाय सदस्यों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के लिए पंजीकृत संकाय सदस्यों में से 30 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए संकाय सदस्यों को प्रपोजल लेखन, अनुदान प्राप्त करने, शोध करने, शोध रिपोर्ट लेखन, जटिल विश्लेषण करने और गुणवत्तापूर्ण पत्रिकाओं में प्रकाशन के विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को विभिन्न शोध सॉफ्टवेयर का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विवरणिका के विमोचन के अवसर पर प्रो. सुनीता तंवर, डॉ. रवि प्रताप पांडे, डॉ. मोहित मेहरा, डॉ. राम गोपाल और डॉ. रवि कुमार भी उपस्थित रहे।

## आजाद नेहरा ने बली कुतुबपुर में चलाया बूथ सदस्यता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। भाजपा नेता** आजाद नेहरा ने सोमवार को अपने पैतृक गांव बली कुतुबपुर के बूथ नम्बर 1,2 व तीन पर सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए नेहरा ने कह कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता मे तीसरी बार भाजपा सरकार बना कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा उक्त दोनों नेताओं ने बेहतर तालमेल करके भाजपा के प्रति प्रदेश की जनता मे जागरूकता पैदा की जिससे हरियाणा की जनता ने भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं पर विश्वास करके पुर्ण बहुमत की सरकार बनाई। इस अवसर पर खेल प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सह संयोजक वेदपाल आंतिल ,मण्डल महामंत्री श्रवण कौशिक ,अनिल सरोहा ,सोमबीर सरोहा, नरेश सरोहा, तरुण कुमार, अनुज छौक्कर ,पवन सरोहा,अरुण सरोहा व जगबीर नेहरा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

## अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सीआइए वन** की टीम ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर लालुपुरा टी-प्वाइंट से आरोपी वंश उर्फ गोल्डी पुत्र सतपाल वासी रणखंडी देवबन, जिला साहरनपुर, उत्तर प्रदेश के कब्जे से 12 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआइए वन इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी आरोपी आयुष पुत्र महेश कुमार वासी रखखंडी देवबन, जिला साहरनपूर, यूपी जिससे उसने अवैध हथियार लिया था।

# धर्म श्रवण का सुअवसर मिलना और भी दुर्लभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। जैन संत रमेश** मुनि महाराज ने कहा कि मानव जीवन पाने के बाद भी सही धर्म का सुअवसर मिलना दुर्लभ है। मुनि महाराज सोमवार को एस एस जैन सभा गन्नौर मंडी के जैन स्थानक में प्रवचनों की अमृत वर्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानक जीवन को देव दुर्लभ कहकर पुकारा गया है । मुनि ने कहा कि सद धर्म श्रवण करने के बाद उस पर श्रद्धा और आचरण का होना तो बहुत ही दुर्लभ बात है। आज दुनिया में धर्म और मत मंत्राओं की कोई कमी नहीं है। मुनि महाराज ने कहा कि जो क्रिया पाप को नाश करें, मन में शांति और आनंद प्रदान करें, जो शांति से जिए और




दूसरे सभी प्राणियों को भी अपनी आत्मा के समान मानकर उनकी रक्षा में सदा तत्पर रहे वास्तव में ऐसा महान और श्रेष्ठ आचरण को ही धर्म कहा जाता है। मुकेश मुनि महाराज ने कहा की दुख आने के डर से घबरा कर धर्म से विचलित न हो। दुख से ही सुख के महत्व को समझा जा सकता है । उन्होंने दुख एक कसौटी है ,दुख किसी का दिया हुआ नहीं है, दुख आने पर यदि भागना भी चाहो तो भी भाग नहीं पाओगे।

मुनि ने कहा कि जो कर्ज लिया है उसे चुकाना ही पड़ेगा , जो कर्म बांधा है , तो

**मन में शांति**

▶▶ सद धर्म श्रवण करने के बाद उस पर श्रद्धा और आचरण का होना तो बहुत ही दुर्लभ बात है : मुनि

उसका फल भोगने के लिए मानव को सदा तत्पर पर रहना चाहिए। सुख को चाहते हो तो दुख भी भोगने के लिए तत्पर रहना पड़ेगा। इस मौके पर तपस्वी सुमेर मुनि महाराज, विद्याभिलाषी श्रेयांश मुनि महाराज,मुदित मुनि महाराज ने भी अपने-अपने भजन व प्रवचनों के माध्यम से संदेश दिया।

## शोधार्थी को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मिला सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में पीएच.डी. की शोधार्थी नीलम सिंह को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सिं्प्रगर पब्लिकेशन से परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन ऑफ म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट ऐश बेस्ड जियोपॉलिमर विषय पर सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार ने नीलम सिंह की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विकास गर्ग ने नीलम सिंह को बधाई देते हुए विभाग की ओर से उनके अनुसंधान कार्य हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। नीलम सिंह विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विकास कुमार के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट को स्थिर करने और सिविल इंजीनियरिंग में उसके टिकाऊ उपयोग की संभावनाओं पर कार्य कर रही हैं।

# 11 किलो 223 ग्राम गांजा सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए टू पुलिस** टीम ने सिवाह बस अड्डा के नजदीक पीर के पास से दो नशा तस्करों को 11 किलो 223 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गुरमीत उर्फ लाडी निवासी शास्त्री कॉलोनी व विजय उर्फ बाडा निवासी किशनपुरा के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान चौटाला रोड पर जीटी रोड के नजदीक मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली



की गुरमीत उर्फ लाडी निवासी शास्त्री कॉलोनी व विजय उर्फ बाडा निवासी किशनपुरा दोनों दोस्त है। दोनों अलग अलग पीठू बैग में गांजे की खेप लेकर सिवाह बस अड्डा से थोडा आगे पीर के पास किसी के इंतजार में खड़े है। पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान विजय उर्फ बाडा पुत्र बंशीलाल निवासी किशनपुरा व गुरमीत उर्फ लाडी पुत्र हरवेल निवासी शास्त्री कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ सौरभ जायसवाल की मौजूदगी में आरोपियों के बैग की तलाशी ली तो दोनों आरोपियों के बैग में प्लास्टिक पन्नी से गांजा बरामद हुआ। आरोपी विजय उर्फ बाडा के बैग से बरामद गांजा का वजन करने पर 5 किलो 911 ग्राम व आरोपी गुरमीत उर्फ लाडी के बैग से बरामद गांजा का वजन करने पर 5 किला 312 ग्राम पाया गया।

इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों गांजा बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहते थे। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त गांजा राजस्थान के उदयपुर से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। दोनों आरोपी रविवार को गांजा बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में आए थे। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

# बादशाही रोड पर टूटे मैनहाल का ढक्कन डाल कर छोड़ा

## सड़क के लेवल पर नहीं है ढक्कन, वाहन चालक हो सकते हैं चोटिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। बीएसटी रोड** के साथ लगते बादशाही रोड पर मेनहाल का ढक्कन काफी दिनों से टूटा पड़ा था। विभाग ने अब सड़क पर ढक्कन तो रखवा दिया, लेकिन उसे सड़क के लेवल में करना भूल गया है। ढक्कन सड़क के लेवल से करीब आधा फीट नीचे पड़ा है। जिस वजह से वाहन चालकों के चोटिल होने का डर बन गया है। अब स्थानीय लोगों ने रेत से भरे कट्टे डाल कर उसे लेवल में किया, लेकिन अब भी रात के समय वाहन चालक हादसे का शिकार बन सकते हैं। विभाग द्वारा करीब चार दिन



पहले इस मैनहाल पर ढक्कन रखवा दिया था, लेकिन उसके बाद उसे लेवल में नहीं किया गया। इस रोड पर इससे कुछ ही दूरी पर एक और मैनहाल क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा है। लोगों का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हादसे होने का इंतजार कर रहे हैं। बीएसटी के साथ लगते बादशाही रोड मुख्य सड़क होने के कारण यहां से वाहन की आवाजाही अधिक होती है। क्षतिग्रस्त मेनहाल से बचने के लिए वाहन चालक कट लगाते हैं, जिससे वहां हादसा होने का डर बना रहता है। हालांकि वाहन चालकों को सीवर में गिरने से बचाने के लिए टूटे मेनहाल पर बैरियर अब भी लगा रखा है, ताकि वाहन चालकों के साथ दुर्घटना न हो। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि इस संबंध में विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर सभी ढक्कनों को ठीक करवाने के आदेश देंगे।

# वैद्य हुई दो कॉलोनियों में बनेगी 13 गलियां

## गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी: विधायक देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सरकार द्वारा वैद्य की गई कॉलोनियों में गलियों का निर्माण शुरू हो गया है। सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने न्यू बंसत विहार और प्रताप त्यागी ग्रामीण कॉलोनी में करीब 2.30 करोड़ रुपए की लागत से 13 गलियों के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया है। नगरपालिका के वार्ड 11 में न्यू बसंत विहार कॉलोनी में 149.65 लाख की लागत से 7 गली व वार्ड 8-9 में प्रताप त्यागी ग्रामीण कॉलोनी में 6 गली बनाने पर करीब 85.21 लाख रुपए खर्च होंगे। इन सभी गलियों को



नगरपालिका की ओर से बनाया जाएगा और यह सभी इंटरलॉकिंग गलियां करीब दो माह में तैयार कर जनता को समर्पित की जाएगी। विधायक देवेंद्र कादियान का स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया।

कादियान ने भरोसा दिलाया कि धीरे-धीरे शहर के वार्डों व गांवों में विकास कार्य शुरू करवाए जा रहे है। निर्माण कार्य पूरे होने पर आमजन को काफी सहूलियत हो जाएगी। सरकार ने पहले अवैध कॉलोनियों को वैध किया है, अब इन कॉलोनियों में तेज गति से काम होंगे।

उन्होंने कहा कि गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। क्षेत्र का चहुमुखी विकास किया जाएगा। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, नपा सचिव पवित्र गुलिया, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, पार्षद विकास शर्मा, सतबीर शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि हरविंद्र त्यागी, प्रेम ठेकेदार, हरीश मदान, तरुण आदि मौजूद रहे।

# स्क्रैप से भरा कैंटर लूट मामले में गिरोह को पांचवा आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए थ्री** पुलिस टीम ने टोल प्लाजा के पास कैंटर चालक को बंधक बना करीब 10 लाख रुपए कीमत की स्क्रैप से भरा कैंटर लूट की वारदात में शामिल फरार पांचवे आरोपी को रविवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर नूरवाला स्थित शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान हर्षदीप निवासी इंद्रा विहार कॉलोनी नूरवाला के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी शैंकी निवासी नगौला हापुड़, सौरभ निवासी




ममौर, अंकित निवासी भीवशा शामली यूपी व गुरमीत निवासी विकास नगर करनाल के साथ मिलकर स्क्रैप से भरा कैंटर लूट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही उसके हिस्से में आए पैसे बरामद करने व लूटा गया स्क्रैप खरीदने वाले आरोपी का पता लगा पकड़ने का प्रयास करेंगी। इस्पेक्टर विजय ने बताया कि मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके उक्त चारों आरोपियों के कब्जे से लूटा गया कैंटर, सेटरिंग की 45 प्लेट व 9 हजार रुपए बरामद कर चारों आरोपियों माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।

**यह है मामला**

थाना सेक्टर 13/17 में गुड्डू उर्फ दिग्विजय पुत्र राम जी निवासी सिकटा खुशीनगर यूपी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह कैंटर पर ड्राइवरी करता है। 17 अगस्त को बाद दोपहर वह दिल्ली के बवाना से कैंटर में सेटरिंग की पुरानी प्लेट व स्क्रैप लोढ कर यमुनानगर के लिए चला था। साय करीब 6:30 बजे पानीपत टोल प्लाजा से निकलने के बाद वह खाना खाने के लिए रूका तो तभी मुंह पर मास्क लगाए चार अज्ञात युवक कैंटर के पास आए और खिड़की खोलकर कैंटर के केबिन में घुस गए। आरोपियों ने मारपीट कर उसको साईड वाली सीट पर बैठा लिया और कैंटर को करनाल की तरफ लेकर चल दिए। थोडा सा चलने के बाद लिंक रास्ते पर ले जाकर उसको गन्ने के खेत में रस्सी से बांधकर मोबाईल व कैंटर लूट कर फरार हो गए। कैंटर में करीब 10 लाख रुपए कीमत का स्क्रैप भरा था। थाना सेक्टर 13/17 में गुड्डू की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# टीडीआई कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर बेची गई ग्रीन बेल्टः स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**टीडीआई की** पार्क,ग्रीन बेल्ट, सड़क और यूडीलैंड की टीडीआई मालिक द्वारा करवाई गई रजिस्ट्रीयो का मामले की शिकायत चैयरमेन हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी पंचकूला को भेजी गई है शिकायत में शिकायतकर्ता जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम पानीपत ने फर्जी तरीके से इन सार्वजनिक स्थानों की प्रॉपर्टी आईडी बनाई तहसीलदार द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इन सरकारी जमीनों की रजिस्ट्री की टीडीआई मालिक द्वारा इन जगह की अलॉटमेंट लेटर जारी किए कन्वेंस डिड कराई और डीटीपी विभाग यह सब आंख बंद कर देखता रहा और अब इसको दबाने के लिए इतने बड़े भ्रष्टाचार का केवल 7 वायलेंस का नोटिस जारी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस मामले में यह सब दोषी हैं। शिकायत में उनके द्वारा बताया गया कि इस सैकड़ो करोड़ की जनहित के लिए प्रयोग होने वाली सरकारी जमीन को पूरे सूनियोजित ढंग से षड्यंत्र के तहत फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भू माफियाओं के साथ मिली भगत करके बेचा गया जबकि कोई भी बिल्डर द्वारा नक्शा पास करवाया जाता है तो उसमें यह सभी जगह जनहित के लिए छोड़ी जाती है और यह भी निर्धारित किया जाता है कि बेचने योग्य जमीन को ही बेचा जाएगा लेकिन यहां एक वैध कॉलोनी को अवैध कॉलोनी बना दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे आने वाले बच्चे जिनके लिए पार्क ,ग्रीन बेल्ट की जगह पर पेड़ पौधे लगाकर वहां ऑक्सीजन का स्त्रोत पैदा किया जाता लेकिन बिल्डर मुफाफिया और अधिकारियों ने आने वाले भविष्य की सांस तक रोकने का कार्य किया है।

## न्यूज फ्लैश

### मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रितिक निवासी शास्त्री कॉलोनी व लक्ष्य उर्फ काला निवासी इंडियन कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सहायक उप निरीक्षक सुरेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सेक्टर-3 महाराणा प्रताप चौक के पास मौजूद थी। उसी दौरान अवैध मादक पदार्थ सहित दो युवकों के आने की सूचना मिली। टीम ने नाकेबंदी करके बहालगढ़ की तरफ से आ रही गाड़ी को रूकवाकर तलाशी ली। उनके पास से मादक पदार्थ मिला। प्लास्टिक पन्नी को खोल कर अपने अनुभव के आधार पर चैक किया तो हेरोईन बरामद हुई। गाड़ी में रखे छोटा इल्कट्रोनिक कांटा निकाल कर हेरोईन का प्लास्टिक पारदर्शी सफेद पन्नी समेत वजन किया तो 11.09 ग्राम हुआ। जो दूसरे लड़के लक्ष्य के पास से 51.88 ग्राम हेरोईन बरामद हुई। आरोपितों के खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### राठधाना स्टेशन के पास मंदिर में आए युवक की बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: दिल्ली-अंबाला** रेलमार्ग पर गांव राठधना के पास स्थित मंदिर में दीपावली पर्व पर आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव अकबरपुर बरोटा निवासी संजय ने बताया कि गत 31 अक्टूर को वह करीब सवा तीन बजे दीपावली पूजन के लिए स्टेशन के पास सती माता मंदिर पर रेलवे स्टेशन पर आया था। बाइक को प्लेट फार्म नंबर-1 एक के पास खड़ी करके मंदिर में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापिस लौटा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाशी की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द से बाइक चोरी का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं मुरथल ढाबे पर खाना-खाने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित प्रीतम निवासी बहालगढ़ ने बताया कि वह दो नंबर को देर रात करीब 10.30 बजे मुरथल ढाबे पर खाना-खाने के लिए गया था। बाइक को पार्किंग में खड़ी करके खाना-खाने के लिए चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापिस लौटा तो पार्किंग से बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

### खाली प्लॉट में खड़ी कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में खाली प्लॉट में खड़ी कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कार चोर का कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-12 निवासी तरूण ने बताया कि उसने हर रोज की तरह अपनी कार को गत 1 नवंबर को खाली प्लॉट में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से लगाये जा रहे हैं नवीन संकल्प

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में लोग हो रहे हैं लाभांवित

**संकल्प शिविर**

**क्षेत्र की जनता को उनके गांवों में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई जाती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित, इन नवीन संकल्प शिविरों में भारी संख्या में लोग लाभांवित हो रहे हैं। इन नवीन संकल्प शिविरों में क्षेत्र की जनता को उनके गांवों में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई जाती है। सांसद नवीन जिन्दल के कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए जा



रहे हैं। इन शिविरों को आयोजित करने का मुख्य उद्धेश्य, सांसद नवीन जिन्दल की जनसेवा भावना है। इन शिविरों में आधार, पेंशन, परिवार पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों में संशोधन के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम द्वारा जन-प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग लिया जा रहा है। नवीन संकल्प शिविरों की श्रृंखला के अनुसार, आज शाहबाद हल्के के गांव यारा और यारी में नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया । इन शिविरों में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाली मोबाईल मेडिकल युनिट के माध्यम से दोनों गांवों में 48 मरीजों को उचित परामर्श के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई जबकि 7 मरीजों के टेस्ट भी किए गये। इसके अतिरिक्त इन शिविरों में 51 लोगों ने अपने कागजात संबंधित अनेक प्रकार के सुधारात्मक कार्य करवाए। इस शिविर में 6 लोगों ने नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी ली। इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया। इसके साथ-साथ नवीन जिन्दल फाउंडेशन की एक अन्य मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा आज थानेसर हल्के के मुंडा खेड़ा और इंदबढी में 129 मरीजों को परामर्श और निःशुल्क दवाइयां दी गई जबकि 26 मरीज के रक्त में यूरिन के टेस्ट भी किए गए। आगामी 5 नवंबर को इस मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा शाहबाद हल्के के गांव लुखी और संतोखपुरा में भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी ।

## लूट की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**रिमांड**

**पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने दुकान के अंदर घुसकर हथियार के बल पर लूट की वारदात में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल व अनुराग निवासी श्याम नगर ककरोई रोड के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जाचं कर रही है। बत्रा कॉलोनी निवासी संजय उर्फ बिट्टू ने गत 16 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह विजय नगर गढ़ी घसीटा में संजय किराना के नाम से दुकान चलाता है। उनका कहना है कि 15 अक्तूबर की शाम को उनकी दुकान पर तीन युवक दुकान पर आए थे। जिनमें श्याम नगर निवासी अनुराग, साहिल व एक अन्य मोहित उर्फ झाई था। उन्होंने सिगरेट की मांग करते हुए हत्या करने की धमकी दी थी। उन्होंने उन्हें सिगरेट नहीं दी थी। संजय ने पुलिस को बताया कि 16 अक्तूबर को सुबह वह दुकान पर आए थे। वह पॉकेट बंद दूध लेकर दुकान में रखकर बेचते है। सुबह वह दुकान पर पहुंचे तो अनुराग, साहिल व मोहित दुकान में लूटपाट के लिए आए। अनुराग हाथ में बड़ा छुरा लिए था तो साहिल चाकू व मोहित बर्फ तोड़ने का सुआ लेकर आया था। उन्होंने दुकान में आकर उनकी पिटाई कर दी। अनुराग ने छुरा से हमला किया तो उन्होंने पीछे हटकर जान बचाई। आरोप है कि बाद में मोहित व साहिल ने उनके गल्ले से करीब 22 हजार रुपये लूट लिये। वारदात के बाद धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो जान से मार देंगे। घटना के दौरान दुकान पर सामान लेने आए युवक ने उन्हें बचाने की कोशिश की। बाद में आरोपी हथियार लहराते हुए पुलिस को शिकायत देने पर मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने बाद में मामले में अपने परिजनों से बातचीत करने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी।

पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## कहासुनी की रंजिश में दुकान के अंदर घुसकर तेजधार हथियार से हमला करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव तिहाड़ मलिक में कहासुनी की रंजिश के चलते दुकान के अंदर घुसकर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव तिहाड़ मलिक निवासी कृष्ण ने बताया कि उसने गांव के अड्डे पर दुकान कर रखी है। गत 29 अक्टूबर की रता को संदीप उर्फ सरिया, सचिन, सुशील ने उसे कॉल करके भैंसवाल बुलाया। उनके कहने पर वह चला गया। जहां उसे जबरदस्ती शराब पिलाने की कोशिश की, लेकिन उसने मना कर दिया। जिसके चलते उसकी कहासुनी हो गई। उसके बाद उनका समझौता हो गया। उसी कहासुनी की रंजिश के चलते गत 1 नवंबर को करीब ढाई बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान संदीप, राकेश, सुशील दुकान के अंदर घुस आए। उनके हाथ में तेज धार हथियार थे। उन्होंने उस पर हमला कर घायल कर दिया। किसी तरह वह दुकान से घायल अवस्था में निकलकर बाहर सड़क पर आया।

## 28 से 15 दिसम्बर तक होगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजनः सुधा

**तैयारी**

**अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर क्राफ्ट और सरस मेले का भी आयोजन होगा: पूर्व राज्यमंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व शहरी व निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आगामी 28 नवंबर से 15 दिसम्बर तक कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा सोमवार को स्थानीय केडीबी कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियों के बारे में बातचीत कर रहे थे। पूर्व शहरी व निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक आयोजित होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सीआरसी फण्ड के तहत 50 रेहडिं/ां पात्र लोगों के लिए



उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि वह इन रेहडियों के माध्यम से अपने उत्पादों को यहां पर बेच सकें। इसके साथ-साथ यातायात की द्दष्टिद से व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। वर्ष 2016 से प्रदेश सरकार ने गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरूआत की है, तब से हरियाणा का नाम देश-विदेश में विख्यात हुआ है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में तंजानियां पार्टनर देश होगा तथा उड़ीसा पार्टनर राज्य होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की द्दष्टि से शहर में विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा ताकि देश विदेश से आने वाले आगंतुकों को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर क्राफ्ट और सरस मेले का भी आयोजन होगा। इस संदर्भ में जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा स्टाल निर्धारित कर दिए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुरक्षा की द्दष्टि से व्यापक प्रबंध होगें तथा आने जाने वालों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी। इस महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे तथा 48 कोस की परिधि में आने वाले स्थलों पर गीता महोत्सव से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# समाधान शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार अंबाला के नगर निकायों व सभी खण्ड स्तर पर लोगो की समस्याओं का जल्द समाधान करने के उदेश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इसी कडी में नगर निगम अंबाला शहर मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर मे एसओ सोमनाथ व एक्सईएन एलसी




चैहान ने लोगो की समस्याओं को सुना और उन्हें गम्भीरता से लेते हुए अधिकत्तर लोगो की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया।

सोमवार को नगर निगम अंबाला शहर के समाधान शिविर मे कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 12 शिकायतों को मौके पर ही निपटा दिया गया। बतां दे समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किए जा रहें है। नगर निकायों मे उससे संबंधित व खण्डों मे स्वामित्व संबंधी समस्याओं को सुना जाता है और संबंधित अधिकारियों द्वारा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल भी किया जाता है। इसके अलावा खण्ड पंचायत एवं विकास विभाग की तरफ से 3 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया हैं। इसमें एक समस्या अम्बाला खण्ड की 1 तथा शहजादपुर की 2 समस्याएं हैं।

**शिविर**

**लोगो की समस्याओं का जल्द समाधान करने के उदेश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें**

## अम्बाला में एजेन्सियों ने धान के खरीद कार्य को किया पूराः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि अम्बाला जिले 15 मण्डियों व खरीद के न्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 540398.9 मीट्रिक टन धान को खरीद लिया हैं। इन मण्डियों में अब तक 88759 किसान 561716.69 एमटी धान लेकर पहुंच चुके हैं। अहम पहलू है कि इन मण्डियों में एजेन्सियों द्वारा 476202 मीट्रिक टन धान के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सभी एजेन्सियों के अधिकारियों को धान उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मण्डियों से धान खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में जरा सी भी देरी नहीं होनी चाहिए।



इसके साथ ही किसानों की फसल के भुगतान राशि भी निर्धारित समयवधि के अन्दर खातों में जमा होनी चाहिए। जो भी एजेन्सी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उस एजेन्सी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि 3 नवम्बर तक अम्बाला छावनी से 36381 एमटी, अम्बाला शहर से 125381 एमटी, नन्यौला मंडी से 13954 एमटी, साहा मंडी से 57322.1 एमटी, मुलाना मंडी से 57915 एमटी, बराड़ा मंडी से 68470 एमटी धान खरीदा जा चूका हैं। उन्होंने कहा कि तलहेड़ी मंडी से 24157 एमटी, केसरी मंडी से 9165 एमटी, उगाला मंडी से 9228.8 एमटी, सरधेड़ी मंडी से 15689 एमटी, भरेड़ीकलां से 10436 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 58132 एमटी, शहजादपुर मंडी से 28178 एमटी, कड़ासन मंडी से 17800 एमटी, बेरखेडी मंडी 7987 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा किया गया हैं।

## नागरिक अस्पताल के गेट पर मिले शव की हुई पहचान

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में नागरिक अस्पताल के गेट पर मिले शव की पहचान पुलिस ने कर ली है। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी मिली है कि धर्मबीर अक्सर घर से बाहर रहता था। वहीं शराब पीने का आदि था। गांव लाठ हाल में इंडियन कॉलोनी निवासी सुरेंद्र ने बताया कि उसका भाई धर्मबीर (40) अक्सर घर से बाहर रहता था। वह काफी दिनों में घर आता था। वह शराब पीता रहता था। उन्हें जानकारी मिली कि नागरिक अस्पताल के गेट पर उसका शव पड़ा हुआ मिला।

## अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों, अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछितआरोपियों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर क्षेत्र सैक्टर-10 अम्बाला शहर स्टेडियम के पास से 3 नवम्बर 2024 को अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी काला निवासी शालीमार बाग बीडी फ्लौर मिल अम्बाला छावनी थाना महेशनगर जिला अम्बाला को अवैध देसी कट्टे सहित गिरफ्तार कर थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में मामला



दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

3 नवम्बर 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार की तस्करी का कार्य करता है जो थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर क्षेत्र सैक्टर-10 अम्बाला शहर स्टेडियम के पास खड़ा है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर क्षेत्र सैक्टर-10 अम्बाला शहर स्टेडियम के पास से सन्दिग्ध व्यक्ति को काबू कर तलाशी लेने पर उससे अवैध देसी कट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान काला निवासी शालीमार बाग बीडी फ्लौर मिल अम्बाला छावनी थाना महेशनगर जिला अम्बाला के रूप में हुई, जिसे अवैध हथियार देसी कट्टे सहित गिरफ्तार कर थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में मामला दर्ज किया।

**कार्रवाई**

**माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया**

# भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स ने मानव कंप्यूटर के नाम से प्रसिद्ध महान गणितज्ञ शकुंतला देवी और महान स्वतंत्रता सेनानी वासुदेव फड-के की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधान सुमित्रा आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। जिसमें कर्मश प्रिया प्राची साक्षी



शामिल है कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से हुआ और शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों का हमेशा ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और आजादी को सुरक्षित बनाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद पंडित दीनदयाल उपाध्याय और आचार्य बलदेव के बताए मार्ग पर चलते हुए ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में भारत को प्रथम स्थान पर लाने के सभी प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि डॉक्टर शकुंतला देवी विश्व की महान गणितज्ञ महिला थी जिसे मानव कंप्यूटर के रूप में विश्व में जाना जाता है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुमित्रा आर्य ने कहा कि ऋषि दयानंद ने जहां महिलाओं को पुरुषों के समान दर्जा देने की जीवन भर वकालत की वही डॉ शकुंतला जैसी महिला वैज्ञानिक को ने विश्व स्तर पर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया ।

इसलिए सभी छात्रों को अपने स्वतंत्रता सेनानियों और महान वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेकर भारत को उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में जगतगुरु का दर्जा दिलवाने के सभी प्रयास करने चाहिए प्राचार्य सत्यवान आर्य ने विद्यालय में आने पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

**प्रतियोगिता**

**आचार्य बलदेव के बताए मार्ग पर चलते हुए ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में भारत को प्रथम स्थान पर लाने के सभी प्रयास कर रही है**

## रिटायर्ड प्रोफेसर रामनिवास चंदेला बने गुर्जर सभा के नए प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चोधरी**

**गुर्जर** भवन धर्मशाला में आज एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें समाज की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बखरीजा निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर रामनिवास चंदेला को समाज के नये प्रधान की जिम्मेदारी सौंप गई। नवनियुक्त प्रधान ने कहा,"समाज ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं पूर्ण रूप से निर्वहन करुंगा व समाज ने मेरे सर पर जो पगड़ी पहनाई है,उसकी पूरी तरह से लाज रखते हुए समाज का हर दायित्व निभाऊंगा। मैं सन 2012 से समाज का



फाउंडर मेंबर हूं व समाज के हर कार्य में सक्रिय भूमिका निभाता रहा हूं।आज समाज ने सर्वसम्मति से मुझ में जो विश्वास व्यक्त किया है, मैं समाज की आकांक्षाओं पर दिन-रात मेहनत कर पूरा उतरने की कोशिश करूंगा"इस अवसर पर सतीश रावत,ज्ञानी पटवारी, जगदीश गिरदावर,नेतराम सेठ,देशराज सरपंच,शीशराम एडवोकेट, दोलाराम पहलवान, सतवीर सरपंच,गिरिराज ठेकेदार,रामोतार पूर्व सरपंच,कुलदीप एडवोकेट, सुरेश रावत, नरेश कसाना, फतेह सिंग मास्टर,मौजूद रहे।

# महिला श्रमिकों व छात्राओं को साइबर अपराधों व दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज जिला पुलिस** की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा अपनी टीम के साथ फैक्ट्री में काम करने वाली महिला श्रमिकों व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अलीपूर खालसा और राजकीय माध्यमिक विद्यायल हरसिंहपूरा की छात्राओं को महिला विरूद्ध अपराधों, साइबर अपराधों और दुर्गा शक्ति ऐप के संबंध में जागरूक किया गया। निरीक्षक राजेश लता ने महिला श्रमिकों और छात्राओं को बताया कि महिलाओं के विरूद्ध अपराध का पूर्ण अर्थ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शारीरिक या



महिलाओं के प्रति मानसिक क्रूरता है। ऐसे अपराध जो विशेष रूप से महिलाओं के विरूध निर्देशित हैं। जिससे केवल महिलाएं पिड़ित हों, को ही महिलाओं के विरूद्ध अपराध के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध अपराधों की श्रेणी में मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड?, दहेज की मांग व दहेज हत्या इत्यादि शामिल हैं। जिनसे महिलाओं की सुरक्षा हेतू या उन्हें न्याय दिलाने के लिए बहुत से कानून बनाए गए हैं। हमारे संविधान में महिलाओं को समानता के अधिकार प्राप्त हैं जैसे-कार्य करने का अधिकार, शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार, अपने लिए जीवन साथी चुनने का अधिकार, वोट देने का अधिकार, संपत्ति रखने का अधिकार और गरिमा व शालीनता का अधिकार आदि प्राप्त हैं। राजेश लता ने बताया कि साइबर अपराध एक गंभीर विषय है। साइबर शब्द से भली-भांति परिचित होने के पश्चात हम सीधे तौर पर कह सकते हैं कि साइबर अपराध का तात्पर्य उन गैरकानूनी गतिविधियों से है, जिन्हें कम्पयूटर-नेटवर्क एवं सूचना और संचार प्रौधौगिकी से जुड़े इलैक्ट्रानिक उपकरणों तथा इंटरनेट के माध्यम से या उनकी मदद से अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराध या किसी भी ऐसी ही गतिविधि में शामिल लोगों को हैकर, स्कैमर या धोखेबाज कहा जाता है। साइबर अपराध के शिकार हुए व्यक्तियों को वितीय नुकसान होता है। उन्होंने बच्चों को बताया कि अधिकांश साइबर अपराध साइबर अपराधियों या हैकर्स द्वारा किए जाते हैं, जो पैसा कमाना चाहते हैं। हालांकि कभी-कभी साइबर अपराध का उद्देश्य धन लाभ के अलावा अन्य कारणों से कंप्यूटर या नेटवर्क को नुकसान पहुंचाना होता है। यह नुकसान राजनीतिक या व्यक्तिगत हो सकते हैं और साइबर अपराध व्यक्तियों या संगठनों के द्वारा भी किया जा सकता है।

# आम लोगों को योजनाओं का मिल रहा सीधा लाभः विधायक आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार सुबह अपने निवास स्थान पर आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने एक-एक व्यक्ति की समस्या पर संज्ञान लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का गरीब व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। सरकार के दरवाजे 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रति वे गंभीर हैं, वह हमेशा उनके हितों के बारे में चिंतन करते



रहते हैं। करनालवासियों की खुशहाली के लिए लोगों की समस्याओं दूर होना आवश्यक है। अधिकारी इसमें रुचि लेकर कम से कम समय में लोगों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर हरियाणा विधानसभा पहुंचाया है। यह जिम्मेदारी वह बखूबी निभाएंगे और करनाल से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाएंगे। उन्होंने कहा कि करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी समस्याओं के संबंध में गंभीर है। यदि कोई विशेष समस्या सामने आती है तो तत्काल वे भी संज्ञान लेते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### दिनेश बक्शी ने प्लेटलेट्स किए दान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। लक्ष्य जनहित सोसाइटी** के फाउंडर दिनेश बक्शी ने मानवता का फर्ज निभाते हुए एक बार फिर प्लेटलेट्स दान किए। दिनेश बक्शी को महामहिम राज्यपाल द्वारा शतकवीर सम्मान से नवाजा जा चुका है और इसके साथ ही सैकड़ों सम्मान दिनेश बक्शी को मिल चुके है। दिनेश बक्शी अब तक 134 बार रक्तदान करने के साथ-साथ 77 बार अब तक प्लेटलेट्स दान कर चुके है। जैसा कि सबको ज्ञात है कि डेंगू का सीजन चल रहा है ऐसी स्थिति में प्लेटलेट्स दान करके किसी की जान बचाई जा सकती है। दिनेश बक्शी ने युवाओं से आह्वान किया कि नशा छोडकर रक्तदान की ओर आएं। किसी की जिंदगी बचाने के साथ-साथ आप अपनी भी जिंदगी बचाएं। क्योंकि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को समय से पहले कई गंभीर बीमारियों का पता लग जाता है, जिनमें हेपेटाइटिस ए, बी, सी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी शामिल हैं।

### वंदे भारत की टक्कर से युवक की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला के बजीदा फाटक** से करीब एक किलोमीटर दूर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। युवक रेलवे लाइन क्रॉस कर रहा था। मौके पर युवक की बाइक व मोबाइल बरामद हुआ है। मोबाइल के जरिए मृतक की शिनाख्त हुई। हादसे की सूचना के बाद जीआरपी करनाल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र जयसिंह के रूप में हुई है। प्रदीप मधुबन थाना क्षेत्र के रांवर गांव का रहने वाला था। प्रदीप फ्लैक्स बोर्ड ग्राफिक्स का काम करता था। रविवार की दोपहर को वह कहीं खेत में जा रहा था। पुलिस के मुताबिक बजीदा फाटक से करीब एक किलोमीटर दूर की घटना है। प्रदीप ने अपनी बाइक को रेलवे ट्रैक की साइड में खड़ा कर दिया था। ट्रैक क्रॉस करके खेत में किसी के पास जा रहा था। चूंकि वंदे भारत की स्पीड 140 किलोमीटर प्रति घंटा होती है, इसलिए प्रदीप के ट्रैक क्रॉस करने से पहले ही ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। एसएचओ ओमप्रकाश ने बताया कि रविवार को करीब पौने एक बजे एक युवक वंदे भारत ट्रेन के सामने से क्रॉस कर रहा था और ट्रेन की चपेट में आ गया। बजीदा फाटक से करीब एक किलोमीटर दूर करनाल साइड हादसा हुआ। हादसा लापरवाही के कारण हुआ है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया गया। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उत्तर हरियाणा बिजली** वितरण निगम के अधीक्षक अभियन्ता कशिक मान ने बताया कि 5 नवंबर को प्रातः 11 बजे यहां विद्युत सदन, सैक्टर-12 के कॉन्फ्रेंस हॉल में बिजली संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष करेंगे। कशिक मान ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

### जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा को बनाया गया जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति का अध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। डीसी उत्तम सिंह ने** बताया कि हरियाणा सरकार ने नए सिरे से जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समितियों के चेयरमैनों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी इस आशय की अधिसूचना अनुसार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा को करनाल जिला की जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिती के अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है।

# विजिलेंस अवेयरनेस वीक का समापन समारोह मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव इंटरनेशनल करप्शन कंट्रोल ब्यूरो द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के विजिलेंस अवेयरनेस वीक 2024के समापन दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन डिवेंचर होटल में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। इस अवसर पर उपस्थित फाउंडेशन के पदाधिकारियों एंव सदस्यों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण की।





नरेंद्र अरोड़ा ने उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के विजिलेंस अवेयरनेस वीक 2024 के अंतर्गत 28 अक्टूबर से लेकर 3 नवंबर तक विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए गए और समापन दिवस पर डिवेंचर होटल में समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विजिलेंस अवेयरनेस वीक का आरम्भ फाउंडेशन द्वारा शेखुपुरा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि विजिलेंस अवेयरनेस वीक 2024 का शीर्षक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि रहा। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देश के सभी राज्यों में विजिलेंस अवेयरनेस वीक के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किये गए। सेंट्रल विजिलेंस कमीशन निरंतरता से लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करता है।

फाउंडेशन सम्पूर्ण भारतवर्ष में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करता है। फाउंडेशन द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता से संबंधित प्रतियोगिताओं एवं सेमिनारों का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश गर्ग, डॉ. निशा गुप्ता, पायल मित्तल, रमा तिवारी, रूपा, दीपिका, अजीत राही, महेश हसीजा, संदीप कुमार, सुरिंदर मोहन गाबा, हरीश वधावन, देवेंद्र कुमार, डॉ. सुरेंद्र नागिया, पवन कंसल, कमल गोयल, संजीव गर्ग, भूपेंद्र गोयल, राजेंद्र ग्रेवाल, रमेश बंसल, राकेश बंसल, आरके शर्मा, हरजीत सिंह सलूजा, रमेश अत्रेजा, अवतार सिंह तारी, प्रदीप त्यागी, केपी अग्रवाल, राजन छिब्बर आदि उपस्थित रहे।

# मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत तीन लाख तक के ऋ़ण की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सरकार द्वारा** मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों द्वारा 3 लाख रुपये तक के ऋ ण दिलवाने की योजना लागू की गई है। महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक जगजीत सिंह ने बताया कि जिला करनाल के लिये 48 केसों का लक्ष्य रखा गया है। स्कीम के अन्तर्गत जिन महिलाओं की पारिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम हो, केवल हरियाणा की महिला उद्यमी तथा ऋ ण के लिए आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो, इस स्कीम की पात्र होगी। आवेदक पहले से लिए गए ऋ ण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किश्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत डेरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोडकर अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कस्बा** असंध में कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसके के ननदोई व ननंद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। मृतक महिला की पहचान 44 वर्षीय बलजिंद्र कौर के रूप में हुई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। असंध के डेरा हरचणदिया निवासी गुरमीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 3 नवंबर को मेरा जीजा भुपिंद्र सिंह, बहन दलजीत कौर और भाभी बलजिंद्र कौर बाइक पर सवार होकर दवाई लेने के लिए असंध आए हुए थे। इसी दौरान नेशनल पब्लिक स्कूल के नजदीक दो बजे करनाल की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई, जिसने सीधी टक्कर बाइक को मारी। टक्कर लगते ही तीनों सडक पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए, जिन्हें देख कार चालक मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता गुरमीत सिंह ने बताया कि गंभीर रूप से घायल तीनों को असंध के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।

# पटवारखाने की दो सप्ताह से बत्ती गुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में** पटवारखाना की करीब दो सप्ताह से बत्ती गुल है। बताया जा रहा है कि पटवार खाना का बिजली बिल अदा नहीं किया गया और करीब 3 लाख का बिल पेंडिंग है। लिहाजा बिजली महकमें ने पटवार खाना का बिजली कनेक्शन ही काट दिया। कंप्यूटर या अन्य उपकरणों से होने वाले काम बाधित हो गए, जिसके चलते पटवारखाना में आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों के साथ-साथ पटवार खाना के पटवारियों और कर्मचारियों को अंधेरे में ही काम करना पड़ रहा है। पटवार खाना में बिजली



कनेक्शन काटे जाने का मामला प्रशासन के संज्ञान में आया, जिसके बाद बिजली महकमा भी हरकत में आ गया। इसके कुछ ही घंटे बाद पटवार खाने की बिजली सप्लाई को बहाल कर दिया गया। इसके बाद पटवारियों और लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। पटवारियों की माने तो बिजली सप्लाई बंद थी, जिसकी वजह से काम करने में दिक्कतें आ रही थी। अब बिजली आ गई है, लोगों के काम भी जल्दी हो जाएंगे। करनाल के पटरवार खाना में आए रामेश्वर, प्रवीन कुमार, दिनेश कुमार, राकेश कुमार व अन्य का कहना है कि पटवार खाना में लाइट नहीं है। यह बात हम नहीं बल्कि अंदर बैठे पटवारी और कर्मचारी कह रहे है। उनसे जब भी कोई काम के लिए कहते है तो एक ही जवाब मिलता है कि लाइट नहीं है और जब पूछा जाता है कि लाइट कब आएगी तो उसका भी कोई जवाब नहीं मिल पाता। बिजली न होने के कारण कंप्यूटर नहीं चल रहे और कंप्यूटर नहीं चलेंगे तो हमारे काम ही नहीं होंगे। हालात यह हो चुके है कि अंदर कमरों में अंधेरा है और कर्मचारियों को काम करने में भी परेशानी हो रही है। किसी को इंतकाल के लिए सीजरा भी देखना पड़ता है तो उसके लिए भी उसे बाहर आकर बैठना पड़ता है, ताकि कुछ साफ साफ नजर आ सके।

# कुवि की मेरिट लिस्ट में हासिल की दोहरी सफलता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरुनानक खालसा** कॉलेज के एमए पंजाबी के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में एक बार फिर दोहरी सफलता हासिल की है। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने बताया कि एमए पंजाबी दूसरे सेमेस्टर में पांच विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है, जबकि छठे सेमेस्टर में दो विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। उन्होंने ने बताया कि दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी गुलशन लाल ने 66 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहला स्थान



प्राप्त किया है। वहीं अरविंद कुमार तथा हरविंदर सिंह ने 61.8 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में छठा स्थान प्राप्त किया है। ज्योति ने 60.6 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में नौवां स्थान तथा ज्योति देवी ने 60.2 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस तथा उप प्रधान सरदारनी कँवरप्रीत कौर विर्क ने सभी मेरिट में आए विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य प्रो.शशि मदान ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने दोहरी सफलता हासिल करते हुए चौथे सेमेस्टर में भी मेरिट में स्थान बनाया है। एमए पंजाबी चौथे सेमेस्टर की छात्रा नवजोत कौर ने 58.4 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में छठा स्थान प्राप्त किया है, जबकि नवनीत नीरू ने 57.2 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर डॉ. जतिंदर पाल सिंह, डॉ. प्रवीण कौर, प्रो.रितु काम्बोज तथा प्रो.इमरान खान उपस्थित रहे।

# जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 6 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी के आह्वान पर जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय, नगरपालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। सोमवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 6 शिकायतें आई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। तीन शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने शिकायतों को सुना। यहां 2 शिकायतें आई, जिन्हें लंबित रखा गया है। वहीं घरौंडा नगरपालिका कार्यालय में 1 शिकायत आई, जिसका मौके पर निवारण कर दिया गया। इंद्री नगरपालिका और असंध नगर पालिका में भी 1-1 शिकायत आई, इनका मौके पर समाधान कर दिया गया। वहीं बीडीपीओ कार्यालय, करनाल में 1 शिकायत आई, जो अभी लंबित है। बता दें कि जिला की प्रत्येक नगर पालिका और बीडीपीओ कार्यालयों व नगर निगम के दफ्तरों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आमजन की प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व योजना से जुड़ी शिकायतों को सुना जा रहा है।

# निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 1850 रुपए की वित्तीय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीसी उत्तम** सिंह ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जो कि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपए प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। डीसी ने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्व-सत्यापित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आवेदक के पास यदि उपरोक्त दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज नहीं है तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे के माता-पिता या अभिभावक किसी भी सरकार द्वारा पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहा है वो उपरोक्त स्कीम का लाभ नहीं ले पाएंगे।

# स्टाफ पर बच्चा बदलने के आरोप के मामले ने पकड़ा तूल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कल्पना चावला** मेडिकल कॉलेज के स्टाफ पर बच्चा बदलने के आरोपों का मामला तूल पकड़ गया है। परिवार व सिकलीगर समाज के सैकड़ों लोग मेडिकल कॉलेज में एकत्रित हुए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली व लापरवाही पर सवाल खड़े कर रहे है। पीड़ित परिवार ने एसपी को शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस डीएनए टेस्ट करवाने की बता कह रही है। उन्होंने कहा कि लडके की जगह जो लडकी परिवार को जबरन थमाई जा रही थी, उसकी भी मृत्यु हो चुकी है। बच्ची की मौत का जिम्मेदार भी अस्पताल प्रबंधन को ही ठहराया है। परिजन अपनी मांग पर अडिग हैं और



वे बच्चा लेकर जाएंगे। अगर नहीं मिला तो आगे प्रदर्शन और धरना भी शुरू कर सकते है। घरौंडा में विग कॉलोनी की ममता पत्नी कुलदीप ने 31 अक्तूबर को एक बच्चे को जन्म दिया। कुलदीप का कहना है कि ममता की डिलीवरी घर पर हो गई थी। जिसका लडका हुआ था। जच्चा-बच्चा की तबीयत खराब न हो, इसके लिए दोनों को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन वहां पर मशीनों की सुविधा नहीं थी।

उसने बताया कि एक नवंबर को जब बच्चे ने शौच किया था और उसका डायपर बदलना था, उस समय उसकी मां वहां मौजूद थी। जब मेरी मां बच्चे का डायपर बदलने गई तो उसे जिस लडके का डायपर बदला जा रहा था, उसकी जगह लडकी मिली। जब मेरी मां ने वहां मौजूद स्टाफ से कहा कि हमारे यहां लडका हुआ था, लेकिन यह लडकी है तो स्टाफ ने कहा कि यह तुम्हारा बच्चा है। जब उसने इसका विरोध करना शुरू किया तो हम सभी को बाहर निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, वहां मौजूद स्टाफ ने उसे बच्चे को चंडीगढ़ रेफर करने को कहा। जबकि हमारे यहां लडका हुआ था, लडकी नहीं।

कुलदीप का कहना है कि वे चार दिनों से अस्पताल में है और अपने बेटा मांग रहे हैं, लेकिन सुनने वाला कोई है नहीं। घरौंडा अस्पताल की पर्ची में जेंडर मेल लिखा हुआ है। लडका लेकर आए है और लडकी थमाई गई और वह लडकी की भी मौत हो गई। इसके लिए अस्पताल जिम्मेदार है। हमारे बच्चे को किडनेप किया गया है। आखिर वह बच्चा गया कहां, यह बहुत बड़ा सकेंडल अस्पताल में चल रहा है। इसकी निष्पक्ष जांच हो, इसके लिए एसपी ऑफिस में शिकायत दी गई है। करनाल के डीएसपी व एसएचओ भी परिवार व समाज के लोगों के बीच में पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। सिविल थाना प्रभारी विष्णु मित्र का कहना है कि अस्पताल में बच्चा बदले जाने का आरोप परिजनों की तरफ से लगाया जा रहा है। जो बच्ची थी उसकी मौत हो चुकी है और हम उसका डीएनए टेस्ट करवाने के लिए तैयार है, लेकिन परिवार सैंपल लेने नहीं दे रहा है।

# दिल्ली न्याय यात्रा सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया/तीरथ राज**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्लीवालों से अपील की कि पिछले 11 वर्षों से जनता के साथ लगातार बढ़ते अन्याय के खिलाफ अभियान दिल्ली न्याय यात्रा में शामिल होकर कांग्रेस पार्टी की न्याय की आवाज को बुलंद करें। दिल्ली कांग्रेस जन नायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर 8 नवम्बर, 2024 से एक महीने तक चलने वाली दिल्ली न्याय यात्रा की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि राजघाट से शुरू करेगी। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में 'दिल्ली न्याय यात्रा' दिल्ली की



70 विधानसभाओं के सभी 250 वार्डों, कैंट एरिया के 8 वार्डों और एनडीएमसी के समस्त क्षेत्र को कवर करते हुए चार चरणों में निकाली जाएगी। महीने भर की दिल्ली न्याय यात्रा चांदनी चौक विधानसभा से 8 नवम्बर को शुरू होकर तिमार पुर विधानसभा में 4 दिसम्बर को खत्म होगी। दिल्ली न्याय यात्रा में जहां दिल्ली कांग्रेस के हजारों सक्रिय कार्यकर्ता हिस्सा बनेंगे, वही प्रत्येक बूथ और वार्डों से सैंकड़ों कांग्रेस समर्थित लोग भी दिल्ली न्याय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सम्पर्क साध रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव दिल्ली न्याय यात्रा के संबंध में प्रदेश कार्यालय में लगातार पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला एवं ब्लाक अध्यक्ष, निगम पार्षद, पूर्व निगम पार्षदों सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे है।

# समाज को जागरूक कर रही है वीआईपी फाउंडेशन: डॉ. विपिन पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वीआईपी फाउंडेशन** के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि वीआईपी फाउंडेशन समाज को जागरूक कर रही है, ताकि समाज के सभी वर्ग के लोग जागरूक हो सके। उन्होंने आगे बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से कई प्रकार के आयोजन किये जा रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि फाउंडेशन के द्वारा स्टेशनरी वितरण, महिला जागरूकता कैंप, स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता विचार गोष्ठी सहित कई प्रकार के कार्यक्रम किये



जाते है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जाता है और विशेष कर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है। वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि सभी सम्पन्न लोगों को गरीब व

**अभियान ...**

**▶▶ फाउंडेशन के द्वारा पौधारोपण अभियान चला लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है।**

असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए, जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि गरीबों की सहायता करना पुण्य का कार्य है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आये। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।

# दिल्ली में अस्थाई घाटों की निर्माण गति धीमी क्यों: ओझा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह एवं पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष संतोष ओझा ने कहा है छठ पूजा प्रारम्भ होने में मात्र 2 दिन से कम का समय शेष है पर आतिशी मालेर्ना शासित दिल्ली सरकार एवं दिल्ली नगर निगम पूर्वांचल वासियों के महापर्व छठ महोत्सव की तैयारियों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा है की वजीराबाद से लेकर कालिंदी कुंज तक यमुना का जल छठ पूजा योग्य नहीं, अस्थाई घाटों की निर्माण गति धीमी बहुत धीमी है पर खेदपूर्ण है की दिल्ली सरकार के वरिष्ठ मंत्री सौरभ भारद्वाज हों या गोपाल राय



वह सब छठ व्यवस्था समयबद्ध करवाने पर ध्यान देने की जगह उल्टा सामाजिक संस्थाओं की छठ व्यवस्था बाधित कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल नेताओं ने कहा है कि चिराग दिल्ली में वर्षों से जन सेवा समिति नामक सामाजिक संस्था छठ महापर्व महोत्सव मनाती रही है।

# यूथ कांग्रेस के चुनाव में मोहित सैनी हुए विजयी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विधानसभा बुराडी यूथ कांग्रेस के चुनाव में मोहित सैनी अध्यक्ष पद पर भारी बहुमत से विजयी हुये। उक्त जानकारी कांग्रेस नेता खेमचंद सैनी ने दी। विधानसभा बुराडी में 3185 कुल वोट डाले गए। उनमें से 493 वोट केंसिल हुए। मोहित सैनी ने 2608 वोटो से विजय प्राप्त की। आकाश सिंह को कुल 84 वोट मिले। मोहित सैनी के यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पद पर विजयी होने पर जिला करावल नगर कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, प्रमोद त्यागी, श्यामकरण भारद्वाज, मंगेश त्यागी, सुखबीर सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, कादीपुर ब्लाक अध्यक्ष



खेमचंद सैनी, ब्लाक अध्यक्ष राजन पांडे, ब्लाक अध्यक्ष सुजीत सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सुरेंदर कुमार, परवीन भड़ाना, प्रवेश त्यागी, प्रदीप राणा, योगेंद्र सिंह तोमर के अनेक नेताओं ने फूलमाला पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर नवनिर्वाचित मोहित सैनी ने कहा विधानसभा बुराडी यूथ कांग्रेस ने जिस उम्मीद से मुझे विजयी बनाया है। मैं सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में लड़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए अपनी टीम के साथ पुरजोर मेहनत करूंगा। जिससे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के हाथ मजबूत हों।

# वजीरपुर: भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है: उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। श्री उटवाल ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग तरक्की कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में परिवहन की स्थिति में काफी सुधार



करके दिखाया है। जिससे यात्रा काफी सुगम हुई है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने एक ओर जहां शहरों में विकास किया है, वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास ही विकास हो रहा है। जिससे ग्रामीण काफी ज्यादा खुश है।

# बस मार्शलों की दिवाली काली करने का काम सीएम आतिशी ने किया: वीरेन्द्र सचदेवा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आतिशी मलेर्ना के आवास के बाहर बस मार्शलों और सिविल डिफेंस कर्मियों की बहाली को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की सेवा की बहाली की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन को वीरेन्द्र सचदेवा के साथ सांसद एवं प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चंदौलिया, नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल एवं अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। प्रदर्शन में भाजपा नेता सरदार आर.पी. सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, अभय वर्मा, राजकुमार आनंद, अनिल वाजपेयी, विक्रम मित्तल, योगिता सिंह, गजेन्द्र यादव, विनय रावत, विनोद बछेती, सागर त्यागी, सुनील यादव, संतोष ओझा, अनीस अब्बासी, मोहन लाल गिहरा, वीजेंद्र धामा, संजय गोयल, पूनम चौहान, सरदार कुलदीप सिंह, नितिन त्यागी सहित अन्य पदाधिकारी और लगभग 2 हजार भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इनके साथ बड़ी संख्या में बस मार्शल प्रतिनिधि भी प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। विरोध प्रदर्शन में लगाए गए पुलिस बैरिगेट्स को तोड़ कर मुख्यमन्त्री आवास की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों में वीरेन्द्र सचदेवा, योगेन्द्र चंदौलिया और विजेंद्र गुप्ता सहित 50 से अधिक कार्यकर्ताओं को पुलिस डीटेन कर तिलक मार्ग थाने ले गई जहां से उन्हें कुछ समय के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

# छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें: राजकुमार चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता राजकुमार चौधरी ने कहा कि मैं छठ मईया से प्रार्थना करता हूं कि छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

उन्होंने आगे बताया कि जो भक्त सच्चे मन से छठ मईया की आराधना करता है, छठ मईया उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण करती है। इसलिए सभी छठ मईया की पूजा अर्चना करें। श्री चौधरी ने आगे बताया कि सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए, जो भक्त सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए



सभी सत्य की राह पर अवश्य ही चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सत्य ही राह कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

# न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा: हरमीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने 1984 के हजारों शहीद सिंहों और सिंहणियों को "सच की दीवार" पर मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर संगत को संबोधित करते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि सिख समुदाय 40 वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब सज्जन कुमार और कुछ अन्य दोषियों को सजा मिली थी, तब हमारे जख्मों पर थोड़ा मरहम लगा था, परंतु अब भी लंबी लड़ाई बाकी है। जगदीश टाइटलर और कमलनाथ जैसे अन्य दोषियों को भी सजा मिलनी अभी बाकी है।



उन्होंने कहा कि जब तक 1984 के सिख कत्लेआम के सभी पीड़ितों को सम्पूर्ण न्याय नहीं मिलता, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इस संघर्ष को जारी रखेगी, चाहे वह न्यायालय में हो या सड़कों पर। उन्होंने कहा कि न्याय के इस संघर्ष में लंबा समय लगने का एक कारण यह भी है कि हमारे समुदाय में कुछ ऐसे लोग थे जिन्होंने अपने व्यावसायिक हितों के लिए कत्लेआम के दोषियों को भाई लखी शाह वंजारा हॉल में बुलाकर सम्मानित किया और सिख समुदाय को कत्लेआम को भूलने की सलाह दी। उन्होंने आगे कहा कि अकाल पुरख की कृपा से, भले ही यह संघर्ष लंबा खिंचा, हमें उम्मीद है कि हम सभी दोषियों को सलाखों के पीछे देखने में सफल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी पीड़ितों की आर्थिक मदद जारी रखेगी और अगर कुछ बकाया रह गए हैं।

# 'महिलाओं का अपमान करने वाले नरेश को पार्टी से बर्खास्त करो'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली : दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आज स्थापित हो गया है की पूरी की पूरी आम आदमी पार्टी महिला विरोधी है और यह महिला अपमान हो या भ्रष्टाचार सबमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव से प्रेरित हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि आम आदमी पार्टी विधायक नरेश बालयान ने आज जो सांसद हेमा मालिनी का नाम जोड़ते हुए शब्द सड़क निर्माण के लिए बोले वह उनके महिलाओं के प्रति असम्मान के भाव को दशार्ता है। यहाँ हमे याद रखना होगा की इन सभी "आप" नेताओं के लालू यादव प्रेरक रहे हैं और उन्होने ही



पहली बार 1990 के दशक में बिहार में सड़कों के सुधार के प्रस्ताव को हेमा मालिनी के गालों से जोड़ा था।

नरेश बालयान के गुरू अरविंद केजरीवाल ने भी कभी अपनी पुरानी महिला साथियों को सम्मान नहीं दिया।

# आदर्श नगर: शिव सांई मंदिर में गोवर्धन पूजा पर प्रसाद का हुआ वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गोवर्धन पूजा के अवसर पर शिव साईं मंदिर अशोका रोड, आदर्श नगर में गोवर्धन पूजा और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मनोज कुमार सिंघल, सुधीर गुप्ता, गौरव चौंहान, राजू गुप्ता, अशोक भारद्वाज, माधव अग्रवाल, धर्मराज चौधरी, मनोज चौधरी, राहुल गुप्ता, अमन गुप्ता, संजय जैन, जानू गुप्ता, सचिन गोयल, मनोहर लाल शर्मा, संजय अतरी, भूपेंद्र, हेमंत, सागर गुप्ता, आशुतोष, विशाल गुप्ता, नीतीश मुद्गल के अलावा इलाके के गणमान्य लोगों ने सहयोग दिया।



इस मौके पर योगेंद्र जैन, राजेश शर्मा, संजीव कंबोज, राजू जी, राजकुमार गुप्ता, मनीष गर्ग, सुजीत गुप्ता, गौरव चौहान भी

**धार्मिकता**

**▶▶ गोवर्धन पूजा के अवसर पर आदर्श नगर क्षेत्र में गोवर्धन पूजा और प्रसाद वितरण का किया गया आयोजन**

मौजूद रहे। इस अवसर पर मनोज सिंघल ने बताया कि आज गोवर्धन पूजा के अवसर पर शिव सांई मंदिर अशोका रोड, आदर्श नगर में गोवर्धन पूजा और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं।

# ग्रामीणों की मांगों को लेकर होगा आंदोलन: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली देहात** के गांव दरियापुर खुर्द में दिल्ली देहात व गांवों के मुद्दो को लेकर पंचायत जगदीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव भी उपस्थित रहे। इस पंचायत में मुख्य मुद्दो को लेकर दिल्ली देहात मोर्चा नाम से गठन जो इस पर काम करेगा। दिल्ली देहात से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।

**बैठक में उठाए गए मुख्य मुद्दे में सर्कल रेट में वृद्धि:** दिल्ली की जमीन का सर्कल रेट 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ करने की मांग।

**स्मार्ट विलेज का निर्माण:** यदि दिल्ली देहात के 105 गांवों की



जमीन पर डीडीए या सरकार नए सेक्टर स्थापित करना चाहती है, तो ग्रामीणों के लिए नए स्मार्ट विलेज भी बसाए जाएं ओर सभी गांव वालो को प्लॉट आवंटित हों और भूमि का उपयोग मिश्रित रखा जाए, जिससे ग्रामीणों के लिए आवासीय सुविधाएं और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

**लैंड पूलिंग पॉलिसी में सुधार:** ग्रामीणों ने लैंड पूलिंग पॉलिसी में थोपे गए गैरकानूनी शर्तों को हटाने की मांग की, जैसे कि 5 एकड़ भूमि की शर्त, लगभग 20 करोड़ रुपये का भारी भरकम बाहरी विकास शुल्क, डीडीए द्वारा 40% भूमि को मुफ्त में लेना और बिल्डरों के साथ कंसोर्टियम बनाने की बाध्यता को समाप्त किया जाए।

**हाउस टैक्स में छूट:** दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों से हाउस टैक्स वसूलना बंद किया जाए।

**उच्च शिक्षा का विस्तार:** दिल्ली देहात के युवाओं को आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त हो सके इसके लिए नॉर्थ और साउथ कैंपस की तर्ज पर दिल्ली देहात में वेस्ट कैंपस और नॉर्थ-वेस्ट कैंपस की स्थापना की जाए।

**स्टांप ड्यूटी में छूट:** दिल्ली में रक्त संबंधों में जमीन की गिफ्ट डीड बनवाने के लिए स्टांप ड्यूटी को समाप्त किया जाए, जिससे पारिवारिक सम्पत्तियों का हस्तांतरण आसान हो सके। इस मौके पर कंगनहेड़ी गांव से जगदीश यादव, दीपक भारद्वाज, रावता गांव से संदीप चाहौन और उनके साथी, ढासा गांव से एस सी समाज के ढासा बारह के प्रधान राजेंद्र कटारिया, एस सी समाज के पूर्व प्रधान चौखराज प्रधान, जाफरपुर गांव से रामनिवास यादव, काजीपुर गांव से सतबीर यादव मौजूद रहे।

# उप्र राजभवन में मध्य प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को राजभवन में मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा मध्य प्रदेश के लोक कला, गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कलाकारों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। मध्य प्रदेश की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, पर्यटन स्थल, वन्यजीव, नदियों और विश्वविद्यालयों पर चर्चा करते



हुए कहा कि मध्य प्रदेश में कई ऐसे स्थल हैं, जहां लोक कलाओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने के कार्य किये जा रहे हैं। धार्मिक महत्व वाले स्थलों जैसे पंचमढ़ी और उज्जैन के महाकालेश्वर का उल्लेख करते हुए उन्होंने भोपाल के जनजाति म्यूजियम की भी चर्चा की, जो आदिवासियों द्वारा संचालित है। उन्होंने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ एवं कान्हा टाइगर रिजर्व को बाघों के संवर्धन के लिए अद्भुत बताया। राज्य के रीवा जिले में एशिया के सबसे बड़े सोलर प्लांट की स्थापना के प्रधानमंत्री के प्रयासों को अद्वितीय बताया। राज्यपाल ने मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण नदी नर्मदा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि इस नदी को राज्य में माता की संज्ञा दी गयी है। नर्मदा नदी चार राज्यों को पेयजल के साथ-साथ बिजली, पर्यटन और रोजगार उपलब्ध करवाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपने संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने मध्य प्रदेश के पिछड़े और आतंक प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं एवं नई पीढ़ी को अनिवार्य शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे आपराधिक प्रवृत्तियों में कमी आएगी। मध्य प्रदेश को उन्होंने हरा-भरा, दर्शनीय तथा पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण राज्य बताया। इस अवसर पर राजभवन में मध्य प्रदेश की संस्कृति, खानपान, संगीत, तीर्थ स्थल एवं महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी एवं रंगोली का अवलोकन राज्यपाल ने किया। समारोह में मध्य प्रदेश राज्य पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य की स्थापना से लेकर लोक संस्कृति, महत्वपूर्ण स्थल तथा अद्यतन विकास को दशार्या गया। इस अवसर पर राजभवन में पदाधिकारी और राजभवन के अधिकारीगण व कर्मचारीगण समेत मध्य प्रदेश से आए विभिन्न गणमान्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने वेद प्रचार रथों को झंडी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**फिरोजाबादः सिरसागंज** स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को आर्य गुरूकुल महाविद्यालय सिरसागंज में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु दो वेद प्रचार रथों को कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान देवेन्द्रपाल वर्मा के साथ हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भारत सरकार और प्रदेश सरकार ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती को भव्यता, दिव्यता, अलौकिकता के साथ मनाने का निर्णय लिया है। उसी के क्रम में आज रवाना किये गये वेद प्रचार रथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आर्य समाज का प्रचार प्रसार



करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी करेगें। साथ ही साथ यह भी बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के संयोजन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा दिनांक 16,17 व 18 नवम्बर को सिरसागंज में आयोजित होने वाले ज्ञान ज्योति पर्व एवं स्मरणोत्सव में विशिष्ट अतिथि के तौर पर योग गुरू बाबा रामदेव भी शामिल होगें। इसके अलावा इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के सन्यासियों, आर्य समाज के विद्वानों एवं कई राज्यपाल, कई कुलपति, अन्य राजनेताओं द्वारा भागीदारी की जायेगी जो अपने विचारों से क्षेत्रीय और उपस्थित लोगों का लाभान्वित करेगें।

आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान देवेन्द्रपाल वर्मा नें प्रदेश की सभी आर्य समाज ईकाइयों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आहवान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर अब 13 की बजाय 20 नवंबर को होगा मतदान

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर उप निर्वाचन 13 नवंबर के बजाय 20 नवंबर 2024 को होंगे। निर्वाचन आयोग ने कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) के मद्देनजर उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव-2024 की तिथि को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) के मद्देनजर उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव-2024 की तिथि को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निर्वाचन आयोग को उपचुनाव की तिथि बढ़ाने के निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फैसले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को कार्तिक पूर्णिमा के धार्मिक महत्व का लाभ प्राप्त होगा और मतदान प्रक्रिया भी सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगी।

### सैमसंग ने गुरुग्राम के डीएलएफ साइबरहब में खोला अपना सबसे बड़ा एक्सपीरियंस स्टोर

**रोहतक।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रैंड सैमसंग ने गुरुग्राम में अपने सबसे बड़े एक्सपीरियंस स्टोर को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्टोर डीएलएफ साइबरहब में स्थित है, जोकि मनोरंजन, लाइफस्टाइल और कॉमर्स में विविधता के लिये जाना जाता है। यह स्टोर 3000 वर्गफीट में फैला है, जहाँ उपभोक्ता मोबाइल एवं कनेक्टेड टेक्नोलॉजी में सैमसंग की सबसे आधुनिक उत्पादों का आनंद ले सकते हैं। यह स्टोर गुरुग्राम के सबसे व्यस्त और सुलभ स्थानों में से एक में स्थित है, और इसे तकनीक के प्रति जागरूक और नवाचार के शौकीन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है। यहाँ पर विजिटर्स को सैमसंग के सभी प्रमुख स्मार्टफोन्स, वियरेबल्स, ऑडियो डिवाइसेस और स्मार्टथिंग्स इकोसिस्टम का अनुभव विभिन्न दिलचस्प जोन्स में मिलेगा, जिन्हें सोच-समझकर तैयार किया गया है। सैमसंग इंडिया में डी2सी बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सुमित वालिया ने कहा, "डीएलएफ साइबरहब में हमारे नए एक्सपीरियंस स्टोर का उद्घाटन सैमसंग की नई और यूजर-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी को ग्राहकों के और करीब लाने की हमारी यात्रा में एक बड़ा कदम है। यह स्टोर सिर्फ एक शॉप नहीं, बल्कि भविष्य की कनेक्टेड लाइफस्टाइल का अनुभव है। इसमें हमारा स्मार्टथिंग्स इकोसिस्टम और मोबाइल तकनीक मिलकर आपकी रोजमर्रा की जिंदगी को और बेहतर बनाएंगे। अपने मौजूदा एक्सपीरियंस स्टोर्स की सफलता के बाद, साइबरहब का यह नया लोकेशन ग्राहकों को लाइव डेमो, पर्सनलाइज्ड कंसल्टेशन और इंटरेस्टिंग जोन्स के जरिए एक नया अनुभव देगा और हमारे लेटेस्ट प्रोडक्ट्स को दिखाएगा। हम अपने ग्राहकों को इस अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं, जो हमारे जीने, काम करने और कनेक्ट रहने के तरीके को बदल रही है।"

### स्विगी लिमिटेड का आईपीओ 06 नवंबर, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** स्विगी लिमिटेड ("कंपनी"), भारत का अग्रणी ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म, बुधवार, 06 नवंबर, 2024 को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ("ऑफर") खोलने का प्रस्ताव करती है। बोली/ऑफर बंद होने की तिथि शुक्रवार, 08 नवंबर, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/ऑफर खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले अर्थात मंगलवार, 05 नवंबर, 2024 है
ऑफर का प्राइस बैंड रु 371 प्रति इक्विटी शेयर से लेकर रु 390 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 38 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 38 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। इस ऑफर में 4,499 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू ('ताजा इश्यू') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 175,087,863 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव ('बिक्री के लिए प्रस्ताव') शामिल है। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सब्सक्रिप्शन के लिए 1 रुपया फेस वैल्यू के 750,000 इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है, जो कुल मिलाकर रु [ट्ट] मिलियन तक है, जो हमारी पोस्ट-ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी ('कर्मचारी आरक्षण हिस्सा') के 5% से अधिक नहीं है। कर्मचारी आरक्षण हिस्से को घटाने वाले ऑफर को आगे नेट ऑफर कहा जाता है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के साथ सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के अनुसार है।

## झारखंड से चुनावी दौरे का आगाज करेंगे सीएम योगी

**लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के साथ ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी काफी डिमांड है। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरेंगे। पहले दिन वे झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी की पहली जनसभा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी के लिए होगी।

वे यहां तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। तीसरी जनसभा में सीएम योगी चार प्रत्याशियों के लिए एक साथ वोट मांगेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा मंगलवार को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में होगी।

# फ्लिपकार्ट और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने मिलाया हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत । भारत के** घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ मिलकर ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। ई-कॉमर्स के माध्यम से आर्थिक सशक्तीकरण पर केंद्रित इस कार्यशाला में माननीय विद्युत राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार एवं अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे। डिजिटल



सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस कार्यशाला के माध्यम से 70 से अधिक प्रतिभागियों को प्रोडक्ट लिस्टिंग, एफिशिएंट लॉजिस्टिक्स और रणनीतिक कारोबारी विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इन प्रतिभागियों में महिला उद्यमी, सूक्ष्म उद्यम एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) शामिल रहे। यह साझेदारी ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल कॉमर्स के माध्यम से अपनी पहुंच एवं अवसर बढ़ाने में सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फ्लिपकार्ट का उद्देश्य महिला उद्यमियों को व्यापक बाजार तक पहुंचने और डिजिटल मार्केटप्लेस में विकास करने के लिए टूल्स एवं जरूरी जानकारियां प्रदान करते हुए आर्थिक विकास करने में सक्षम बनाना है।
कार्यशाला को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, ह्यराष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ यह साझेदारी पूरे भारत में डिजिटल समावेश को विस्तार देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमारा उद्देश्य हरियाणा की ग्रामीण महिलाओं के लिए व्यापक आर्थिक अवसर सृजित करना और नई पीढ़ी के उद्यमियों को बढ़ावा देना है, जो अपनी आजीविका को निखारने के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठा सकते हैं। समर्थ प्रोग्राम का लक्ष्य वंचित समुदायों को अवसर प्रदान करना और ई-कॉमर्स का लाभ उठाते हुए सतत आजीविका निर्माण में उन्हें सशक्त बनाना है।

# बुजुर्ग ने 'सीएम' योगी से लगाई गुहार तो संडे को बैंक खोलकर मिली 'मदद'

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः योगी** सरकार की सीएम हेल्पलाइन (1076) प्रदेशवासियों की समस्याओं के निस्तारण में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत मॉनीटरिंग का नतीजा है कि कई मामलों में सीएम हेल्पलाइन के जरिये प्रदेशवासियों की समस्याओं का निस्तारण कुछ ही घंटों में किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी के इंदिरानगर के एक बुजुर्ग की समस्या का निस्तारण में देखा भी गया, जिनकी समस्या का निस्तारण कुछ ही घंटों में कर दिया गया। इतना ही नहीं बुजुर्ग की समस्या के निस्तारण के लिए मुख्य सचिव ने संज्ञान लिया तो संडे को बैंक खोलकर बैंक अधिकारियों ने मामले का निपटारा किया और खाते से पैसे निकालकर दिये जबकि इसके लिए बुजुर्ग काफी दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे।

**छोटे से काम के लिए कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे बुजुर्ग सोहनलालः** राजधानी के इंदिरानगर स्थित कैलाशपुरी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनके पिता सोहनलाल और माता राजेश्वरी का एक बैंक में ज्वाइंट अकाउंट था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले इलाज के दौरान उनकी माता का देहांत हो गया। मुकेश ने बताया कि पिता सोहनलाल को पैसे की जरूरत थी। इस पर वह बैंक गये और पत्नी के देहांत की सूचना के साथ पैसे निकालने के लिए चेक दिए। वहीं बैंक अधिकारियों ने ज्वाइंट अकाउंट से पैसे न निकलने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी का देहांत हो गया है, ऐसे में उन्हे कुछ कागजी कार्रवाई करनी होगी। इसके बाद ही ज्वाइंट अकाउंट से पैसे निकल पाएंगे।

## वाराणसी में गंगाघाटों पर डाला छठ के तैयारियों को जिलाधिकारी ने परखा

**वाराणसी**
**जिलाधिकारी** एस.राजलिंगम और अपर पुलिस कमिश्नर एस. चिनप्पा ने सोमवार अपरान्ह में डाला छठ पर्व की तैयारियों को परखा। पर्व के पूर्व उन्होंने गंगा घाटों पर सिल्ट सफाई,समुचित प्रकाश एवं स्वच्छता को लेकर नगर निगम के अफसरों को दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व पर गंगा किनारे उमड़ने वाली लाखों की भीड़ की सुरक्षा के लिए मजबूत बैरिकेडिंग के साथ ही सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम करें। दोनों अफसरों ने अस्सी घाट, गंगा महल घाट, रीवा घाट, दशाश्वमेध घाट, मणिकर्णिका घाट, नमों घाट आदि के अलावा ईश्वरगंगी तालाब का भी निरीक्षण किया।

# उपचुनाव की सभी सीटों पर होगी इंडिया गठबंधन की जीत : धमेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**इटावाः उत्तर प्रदेश** के इटावा जनपद में कुर्मी समाज के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे समाजवादी पार्टी के आजमगढ़ से सांसद धमेंद्र यादव ने मीडिया के सामने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता अब सब कुछ जान चुकी है और लोकसभा चुनाव में इनको सबक सिखाया है और उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में भी इंडिया गठबंधन की जीत होगी। सांसद धमेन्द्र यादव ने मीडिया से बाचतीत करते हुए कहा कि आरएसएस और बीजेपी ने गिरिराज किशोर को नफरत की प्रयोगशाला फैलाने के लिए रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा उपचुनाव में लोकसभा से बेहतर नतीजे देगी और सभी सीटों पर गठबंधन की जीत होने जा रही है। उत्तर प्रदेश के बाहर हो रहे चुनाव को लेकर कहा कि झारखंड के साथ सभी जगह सपा इंडिया एलायंस के लिए सरकार बनाने का काम करेगी। इन चुनावों में जनता भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों का जवाब देगी।

बताते चलें कि कुर्मी समाज के द्वारा आयोजित एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव और सिने जगत के कलाकार सुरेंद्र पाल सोमवार को इटावा के पुरबिया टोला पहुंचे थे। दोनों ने मीडिया से वार्ता भी की।

**किसी के डर से रुकती नहीं है बालीवुड : सुरेन्द्र पाल**
कलाकार सुरेंद्र पाल ने मुंबई में हुई बाबा सिद्दीकी की हत्या और गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के द्वारा सलमान खान को दी जाने वाली धमकियों पर बोलते हुए कहा कि आंधी आए या तूफान बॉलीवुड किसी के डर से रुकती नहीं है। मुम्बई की पुलिस बहुत सक्षम है और अपने केस को सॉल्व करने एवं लॉ आर्डर को बनाए रखने के लिए मशहूर है, उन्हे पुलिस पर भरोसा है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की सरकार ने बहुत काम किया है। इससे पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किए थे। वर्तमान की सरकार से बॉलीवुड ने राहत की सांस ली है।

# पीएनबी की मुख्य शाखा में लूट का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाराबंकी**
**शहर** कोतवाली क्षेत्र के छाया चौराहा स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा पर लुटेरों ने लूट की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। पीछे के रास्ते से बैंक में दाखिल होकर लुटेरे लॉकर तक पहुंच गए। हालांकि लुटेरे बैंक के अंदर किसी भी तरह की लूट को अंजाम नहीं दे सके। बैंक मैनेजर की जानकारी पर सोमवार सुबह पुलिस के अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने बैंक और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी अपने कब्जे में ले लिया और उसे खंगाल रही है। नगर कोतवाली



क्षेत्र अंतर्गत छाया चौराहा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में रविवार की बीती देर रात लुटेरों ने लूट की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। लुटेरे पीछे के रास्ते से बैंक के अंदर दाखिल हुए और अंदर तोड़फोड़ करते हुए लॉकर तक पहुंच गए। लुटेरों ने रात में काफी देर तक बैंक के अंदर लूटपाट की कोशिश की, लेकिन पूरी तरह से नाकाम रहे। सुबह जब मैनेजर को इस घटना की जानकारी मिली कि तो वह तत्काल बैंक पहुंचे। उन्होंने पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी नाथ सिन्हा, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी, कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी के साथ पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी। पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसर की जांच के बाद आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे को अपने कब्जे में लिया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी गई कि यहां पर चोरी का प्रयास किया गया है। पुलिस फोर्स और डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक टीम के साथ बैंक में जांच पड़ताल की गयी। बैंक मैनेजर ने बताया कि यह साफ हो गया है कि बैंक से किसी भी तरह का उपकरण या रुपयों की चोरी नहीं हुई है। इस घटना के संबंध में समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# 2500 किसानों को किया 50-50 लाख का गन्ना भुगतान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखीमपुरः बलरामपुर** चीनी मिल्स लि० यूनिट-गुलरिया चीनी मिल के 18वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ पूजन अर्चन के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा, उप गन्ना आयुक्त, परिक्षेत्र-लखनऊ, इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह की मौजूदगी में सोमवार को हुआ। सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा मिलगेट पर गन्ना लाने वाले कृषक बालिस्टर सिंह, ग्राम चौखडिया तथा ट्रैक्टर ट्राली द्वारा कृषक रणजीत सिंह, ग्राम पकरिया एवं वाह्य क्रयकेन्द्र भूलनपुर- द्वितीय से आये ट्रक का गन्ना सर्वप्रथम चीनी मिल के तौल कांटे पर लाया गया



और गन्ना लाने वाले कृषकों को फूल माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व आचार्य ऋषिराज तिवारी एवं अयोध्या से आए सचिन देव तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण किये और यजमान यूनिट हेड योगेश कुमार सिंह ने पूजन-अर्चन किया।

पेराई सत्र 2023-24 के तहत चीनी मिल में सर्वाधिक क्रमशः गन्ना आपूर्ति करने पर कृषक जगमोहन लाल, संजय कुमार, अनिल कुमार, बृजलाल, राम भरोसे को चेक, कंबल, मिष्ठान सहित अन्य उपहार देकर पुरुस्कृत किया गया। इकाई प्रमुख ने उपस्थित किसानों को अपने सम्बोधन में बताया कि गुलरिया चीनी मिल के इतिहास में किसान भाईयों के हित को ध्यान में रखते हुए पहली बार 04 नवम्बर को पेराई सत्र का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह आप सभी के सहयोग से ही सम्भव हो सका है और विकास उद्योग के लिए दोनों आवश्यक है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि शरदकाल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0-15023, को0-0118, को0 लख.- 14201 एवं अन्य उन्तशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करें। जिले में संचालित बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने इस पेराई सत्र में अभिनव पहल कर अपनी दोनों इकाइयों (गुलरिया और कुंभी) में पेराई सत्र की शुरूआत से पूर्व ही 02 एवं 03 नवम्बर में खरीदे गये गन्ने का भुगतान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कम्प्यूटर पर बटन दबाकर सीधा कृषकों के खाते में भेजा। बलरामपुर समूह की दोनों चीनी मिल गुलरिया एवं कुम्भी द्वारा इस वर्ष पेराई करने से पूर्व इसी वर्ष का एक करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली प्रदेश की प्रथम चीनी मिल है। यूनिट गुलरिया में प्रथम दो दिन गन्ना आपूर्ति करने वाले 2800 किसानों और इकाई कुंभी में 2500 किसानों को 50-50 लाख का ऑनलाइन भुगतान किया।

# महिंद्रा ने लॉन्च की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी एक्सईवी 9ई और बी ई 6ई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा ।** भारत की अग्रणी वाहन विनिमार्ता, महिंद्रा 26 नवंबर, 2024 को चेन्नई में आयोजित अनलिमिट इंडिया वर्ल्ड प्रीमियर में इलेक्ट्रिक ओरिजिन इंग्लो आर्किटेक्चर पर निर्मित दो अग्रणी इलेक्ट्रिक ब्रांड, एक्सयूवी और बी (इए) पेश करने के लिए तैयार है। दोनों ब्रांड अपने पहले फ्लैगशिप उत्पाद -एक्सयूवी ई9 और बी ई 6ई लॉन्च करेंगे।
भारतीय पसंद और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ तैयार इंग्लो आर्किटेक्चर, सहज (इंट्यूटिव), इंटेलीजेंट और इमर्सिव इनोवेशन




से भरी हुई है। अपनी श्रेणी में मौजूद उत्पादों के मुकाबले बेहतरीन सुरक्षा मानकों से लेकर रोमांचक प्रदर्शन, प्रभावशाली रेंज और दक्षता तक, इंग्लो को मल्टी-सेंसरी ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एक्सईवी 9ई इलेक्ट्रिक लग्जरी को पुनर्परिभाषित करेगा, जबकि बी ई 6ई बोल्ड, एथलेटिक परफॉरमेंस देता है
- ये दो भारतीय आइकन अपनी बेहतरीन डिजाइन, बेजोड़ तकनीक और बेजोड़ परफॉरमेंस के साथ दुनिया भर में सबको मात देने के लिए तैयार हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 05 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# यूपी: पैरावेट्स को मिलेगी मजबूती

## पशुपालन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स से संवरेगी यूपी के ग्रामीण युवाओं की तकदीर, योगी सरकार ने तैयार की उत्तर प्रदेश में पशुपालन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स की नीति, परापशुचिकित्सा में महत्वपूर्ण होती है पैरावेट्स की भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी मंत्रीपरिषद् ने सोमवार को राज्य में पशुपालन और परापशुचिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के लिए नीति तैयार करने का फैसला लिया है। यह पहल ग्रामीण इलाकों में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने और पशु चिकित्सा विज्ञान में प्रशिक्षित पैरावेट्स की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस नई नीति के तहत राज्य में निजी संग सरकारी संस्थानों में पशुपालन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जा सकेंगे, जिससे पैरावेट्स को जरूरी प्रशिक्षण और कौशल विकास में सहायता मिलेगी।



**परापशुचिकित्सा में महत्वपूर्ण होती है पैरावेट्स की भूमिका**

प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को लोकभवन में इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पैरावेट्स की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पशु चिकित्सकों की संख्या सीमित है। पूरे देश में लगभग 34,500 पशु चिकित्सक हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में मात्र 8,193 पशु चिकित्सक ही उपलब्ध हैं। इस कमी के कारण पैरावेट्स को कई बार टीकाकरण, घावों की पट्टी, प्राथमिक उपचार और देखभाल जैसे कार्यों में पशु चिकित्सकों के पर्यवेक्षण में सहायक भूमिका निभानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में पैरावेट्स को पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तैयार किया जाता है, लेकिन संसाधनों की कमी और अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण वे कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

**पैरावेट्स के प्रशिक्षण और कौशल विकास पर सरकार का जोर**

पशुधन मंत्री ने बताया कि बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पैरावेट्स के प्रशिक्षण और कौशल में वृद्धि की आवश्यकता को देखते हुए योगी सरकार ने डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इस नीति के तहत पैरावेट्स को टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा, घावों की देखभाल और पशु स्वास्थ्य सेवाओं के अन्य आवश्यक पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कदम पशुपालन और परापशुचिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करेगा और पैरावेट्स को पेशेवर रूप से सशक्त बनाएगा।

### नीति के क्रियान्वयन के लिए विशेषज्ञ समिति गठित

**योगी** सरकार ने नीति तैयार करने के लिए पशुधन विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। समिति ने विस्तृत अध्ययन के बाद एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसके आधार पर राज्य में परापशुचिकित्सा और पशुपालन से जुड़े कोर्स की नीति बनाई गई है। इस नीति के तहत संस्थानों की सम्बद्धता, पाठ्यक्रमों की एकरूपता और मानक निर्धारण किया जाएगा।

**निजी क्षेत्रों में पाठ्यक्रम संचालन को मिलेगा बढ़ावा:** पशुधन मंत्री के अनुसार योगी सरकार की ये नीति केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि निजी महाविद्यालयों में भी इन पाठ्यक्रमों का संचालन संभव होगा। इस कदम से ग्रामीण इलाकों में पैरावेट्स की संख्या बढ़ेगी और वे पशु चिकित्सा सेवाओं में अधिक योगदान दे सकेंगे। राज्य सरकार का यह निर्णय प्रदेश के पशु पालन और कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। योगी सरकार का यह निर्णय पशुपालन क्षेत्र में एक नई दिशा तय करेगा।

# हाथियों के मुद्दे पर एमपी-छग की सरकारें मिलकर निकालेंगे समाधान: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मध्य** प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में गत दिनों हुई 10 हाथियों की मौत के बाद विंध्य क्षेत्र में चुनौती बन रहे हाथियों के मुद्दे पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारें मिलकर समाधान निकालेंगी। आज शाम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रायपुर में होने वाले राज्योत्सव में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हाथियों के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मोहन यादव ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष एक विषय और रखूंगा। मध्य प्रदेश में हाथी से संबंधित जो आकस्मिक घटनाएं हो रही हैं, उन पर भविष्य में दोनों राज्य मिलकर समन्वय करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री साय के सामने भी यह विषय लाऊंगा कि छत्तीसगढ़ से जब ये हाथी हमारे यहां आते हैं, तो दोनों सरकारें मिलकर फॉरेस्ट का ऐसा तालमेल बनाएं कि ऐसे बडे.जानवरों के बडे.दल आने के कारण से आकस्मिक रूप से जो दूसरी स्थिति बनती है। उससे बचने के लिए हम एक-दूसरे के संपर्क में रहें। मेरी ओर से इस उत्सव के आनंद और भविष्य में होने वाली कठिन चुनौतियों को लेकर हम मिलकर बात करेंगे।



**मंथन करेंगे**

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनका मंत्रिमंडल छत्तीसगढ़ को विकास के नए मुकाम तक पहुंचा रहे हैं**

उन्होंने कहा कि मप्र से एक हिस्सा निकल कर छत्तीसगढ़ अलग हुआ है। इस राज्य गठन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीच में छत्तीसगढ़ थोड़ा सा समय काफी पिछड़ गया था। मुझे संतोष है कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनका मंत्रिमंडल छत्तीसगढ़ को विकास के नए मुकाम तक पहुंचा रहे हैं।

# उपचुनाव टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे : अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव की तारीख बढ़ाई जाने पर भाजपा सरकार पर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट (एक्स)पर लिखा कि "टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे।" उन्होंने लिखा कि पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, भाजपा इतनी कमजोर कभी न थी।




दरअसल बात यह है कि उप्र में महा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर उप्र आए हुए हैं और उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए वोट डालने वाले थे।

# बुजुर्ग ने 'सीएम' से लगाई गुहार तो संडे को बैंक खोलकर मिली 'मदद'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: योगी** सरकार की सीएम हेल्पलाइन (1076) प्रदेशवासियों की समस्याओं के निस्तारण में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत मॉनीटरिंग का नतीजा है कि कई मामलों में सीएम हेल्पलाइन के जरिये प्रदेशवासियों की समस्याओं का निस्तारण कुछ ही घंटों में किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी के इंदिरानगर के एक बुजुर्ग की समस्या का निस्तारण में देखा भी गया, जिनकी समस्या का निस्तारण कुछ ही घंटों में कर दिया गया। इतना ही नहीं



बुजुर्ग की समस्या के निस्तारण के लिए मुख्य सचिव ने संज्ञान लिया तो संडे को बैंक खोलकर बैंक अधिकारियों ने मामले का निपटारा किया और खाते से पैसे निकालकर दिये जबकि इसके लिए बुजुर्ग काफी दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे।

**छोटे से काम के लिए कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे बुजुर्ग सोहनलाल**

राजधानी के इंदिरानगर स्थित कैलाशपुरी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनके पिता सोहनलाल और माता राजेश्वरी का एक बैंक में ज्वाइंट अकाउंट था।

**निस्तारण**

**सीएम हेल्पलाइन के जरिये प्रदेशवासियों की समस्याओं का निस्तारण कुछ ही घंटों में किया जा रहा**

उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले इलाज के दौरान उनकी माता का देहांत हो गया। मुकेश ने बताया कि पिता सोहनलाल को पैसे की जरूरत थी। इस पर वह बैंक गये और पत्नी के देहांत की सूचना के साथ पैसे निकालने के लिए चेक दिए।

# मैनाठेर में तैयार हो रहा है एबीसी सेंटर, रह सकेंगे 400 कुत्ते

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** सड़कों पर घूमने वाले अवारा कुत्तों से निजात दिलाने और कुत्तों की आबादी पर लगाम लगाने के लिए नगर निगम द्वारा थाना मैनाठेर में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर यानी एबीसी सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। इसी माह के अंत तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा। अपर नगर आयुक्त अजय यादव ने बताया कि नगर निगम की ओर से सेंटर में नसबंदी करने वाली एजेंसी के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। जल्द ही एजेंसी चयनित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिले में सड़कों पर घूमते आवारा कुत्ते न सिर्फ लोगों पर हमला करते हैं, बल्कि कुत्तों के चलते आए दिन सड़क हादसे भी होते रहते हैं।

**आबादी पर लगाम**

**सेंटर में नसबंदी करने वाली एजेंसी के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण : अपर नगर आयुक्त**



भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने सोमवार को इन्द्रधनुष आडिटोरियम परिसर पंचकूला में सात दिवसीय तृतीय पंचकूला पुस्तक मेले का अवलोकन किया।

# महावन में डीएम, एसएसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**मथुरा:** सोमवार को महावन तहसील में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व एसपी शैलेश पांडे द्वारा जनता की समस्याओं को सुनाया गया। तहसील दिवस में कुल 27 शिकायत दर्ज हुईं। जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का संबंधितों को सात दिन के अंदर निस्तारित करने के आदेश दिए गए हैं। उसने 2022 में मौज खानपुर स्थित एक जमीन का बैनामा कराया था।

# 700 से अधिक दिव्यांगजनों को नहीं मिली पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** मुरादाबाद जिले के करीब 753 दिव्यांगजनों के खाते में पेंषन नहीं आने से इस बार दिवाली की खुशियां फीकी रह गई। आधार का सत्यापन और बैंक स्तर से नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) पोर्टल से खाते के लिंक नहीं होने की वजह से इन लाभार्थियों के खाते में पेंशन नहीं पहुंच पाई। जिले में करीब 12 हजार दिव्यांग पेंशनधारक हैं।

# भारत-वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स' अंबाला में शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वियतनाम और भारतीय सेना का द्विपक्षीय अभ्यास 'विनबैक्स' सोमवार से हरियाणा के अंबाला में शुरू हुआ। अभ्यास का यह 5वां संस्करण 23 नवंबर तक अंबाला के चंडीमंदिर में होगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल यह सैन्य अभ्यास वियतनाम में हुआ था, जो भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अभ्यास के इस संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं और वायु सेनाओं के कर्मी पहली बार हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी में 47 कर्मी हैं, जिसका प्रतिनिधित्व कोर ऑफ इंजीनियर्स की एक रेजिमेंट के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी कर रहे हैं। समान क्षमता वाली वियतनामी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व वियतनाम पीपुल्स आर्मी के सैनिक करेंगे। इंजीनियरिंग कार्यों को करने के लिए इंजीनियर कंपनी और मेडिकल टीमों की तैनाती में दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

**अभ्यास**

**अंबाला के चंडीमंदिर में 23 नवंबर तक होगा अभ्यास का यह 5वां संस्करण**

**महाकुम्भ**

## पूरी होगी श्रद्धालुओं की मुराद, इसी माह पूर्ण होगा मंदिरों का कायाकल्प

# श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने को तेजी से काम कर रही सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ में आस्था अपने चरम पर होगी। गंगा, यमुना और सरस्वती के मिलन वाले पावन स्थल संगम पर जहां लाखों-करोड़ों लोग स्नान कर अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगे,वहीं प्रयागराज के पौराणिक मंदिरों में शीश नवाकर अपनी यात्रा को सुखमय और सम्पूर्ण बनाएंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने महाकुम्भ की तैयारियों के साथ-साथ प्रयागराज के मंदिरों के कायाकल्प का भी बीड़ा उठाया है जो अब समापन के करीब पहुंच गया है। पौराणिक महत्ता वाले प्रयागराज के तमाम मंदिरों के कॉरिडोर और जीर्णोद्धार का कार्य लगभग खत्म होने वाला है। ऐसी कुल 19 परियोजनाओं में से 17 परियोजनाएं 15 नवम्बर तक पूर्ण कर ली जाएंगी। जबकि 2 परियोजनाएं 30 नवम्बर तक पूर्ण हो जाएंगी।




**तेज गति से चल रहा काम**

हाल ही में लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा महाकुम्भ की समीक्षा बैठक में इसको लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसमें बताया गया कि मंदिरों के कॉरिडोर और जीर्णोद्धार से सम्बंधित परियोजनाओं में तीन प्रमुख विभाग कार्य कर रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग, स्मार्ट सिटी और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये तीनों विभाग आपसी समन्वय से इन सभी परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करने में जुट गए हैं।

**तत्परता से कार्य कर रहा पर्यटन विभाग**

मंदिर कॉरिडोर और जीर्णोद्धार से सम्बंधित कुल 15 परियोजनाएं ऐसी हैं, जिस पर पर्यटन विभाग काम कर रहा है। पर्यटन विभाग के अनुसार, 15 में से 14 परियोजनाएं 15 नवम्बर तक पूर्ण कर ली जाएंगी, जबकि एक परियोजना 30 नवम्बर तक पूर्ण होगी। 15 नवम्बर तक पूर्ण होने वाली परियोजनाओं में भरद्वाज कॉरिडोर, मनकामनेश्वर मंदिर कॉरिडोर समेत द्वादश माधव मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, अलोपशंकरी मंदिर और 9 अन्य मंदिरों का जीर्णोद्धार शामिल है।

